page 1_Layout 1 27-10-2026 21:58 Page 1

डेली
आवाज भारती
बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

अनमोल वचन

'मुझे पाने के लिए किसी तीर्थ की नहीं, सच्चे मन की आवश्यकता होती है।'



पढ़े पृष्ठ 6 पर...

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » बुधवार, 28 अक्तूबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :185 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

आज का भारती



किसान की बेटी सिमरन कंबोज ने कबड्डी में बनाई पहचान

पंजाब। मुक्तसर जिले के गांव पंजावा की सिमरन कंबोज ने महिला कबड्डी में अपनी प्रतिभा से खास पहचान बनाई है। किसान परिवार से संबंध रखने वाली सिमरन का भारतीय महिला कबड्डी टीम में चयन हुआ है। उनकी उपलब्धि पंजाब की बेटियों के लिए प्रेरणादायक है और ग्रामीण प्रतिभाओं को खेलों में आगे बढ़ने का संदेश देती है।

कैंसर की दवाओं की कीमतों में भारी अंतर पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

नई दिल्ली। कैंसर की दवाओं के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) और प्राइस टू रिटेलर (पीटीआर) के बीच भारी अंतर के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट ने सभी पक्षों को अपनी लिखित दलीलें जमा करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कैंसर की दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करने में नाकाम रहने को लेकर केंद्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई और पूछा कि मरीजों की जान से जुड़े इस मामले में इतनी बड़ी कीमतों के अंतर को आखिर कैसे उचित ठहराया जा सकता है।

फिर खुलेगा श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर

धार्मिक भावना के मामले राजनीति से ऊपर होने चाहिए : मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान

- **धार्मिक भावना का सम्मान होना चाहिए, संकीर्ण राजनीति के लिए इसमें कोई स्थान नहीं होना चाहिए**

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़/सुकून महाजनः मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज केंद्र सरकार से श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर को फिर से खोलने और इसे लगातार खुला रखने के साथ-साथ सिख संगत को गुरुद्वारा दरबार साहिब में नतमस्तक होने के लिए निर्बाध सुविधा देने की जोरदार अपील की। इस बात पर ज़ोर देते हुए कि धार्मिक भावनाओं के मामले राजनीति से ऊपर रखे जाने चाहिए, उन्होंने कहा कि संगत की आध्यात्मिक इच्छाओं का सम्मान किया जाना चाहिए और धार्मिक भावना की बात आती है तो संकीर्ण राजनीति का शिकार नहीं होनी चाहिए। पंजाब विधान सभा ने भी कॉरिडोर दोबारा खोलने के लिए केंद्र सरकार से अपील की ताकि संगत बिना किसी रुकावट के दर्शन कर सके।

सदन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि धार्मिक भावना के मामले संकीर्ण राजनीतिक विचारों का शिकार नहीं होने चाहिए। उन्होंने कहा, ÷लोगों की आध्यात्मिक इच्छाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। जहां धार्मिक भावना की बात आती है तो संकीर्ण राजनीति के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। श्री करतारपुर साहिब लांघा दोबारा खोला जाना चाहिए ताकि संगत अपनी आध्यात्मिक इच्छाओं को बिना किसी रुकावट के पूरा कर सके। श्री गुरु नानक देव जी के सरबत दे भले% (सबका भला) के संदेश को ध्यान में रखते हुए पंजाब विधान सभा ने शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस द्वारा पेश किया गया प्रस्ताव पारित किया। इस प्रस्ताव में श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर को फिर से खोलने और इसे लगातार खुला रखने संबंधी केंद्र सरकार से अपील की गई। प्रस्ताव में ज़ोर दिया गया है कि यह कॉरिडोर केवल भारत और पाकिस्तान के बीच कूटनीतिक मार्ग नहीं है, बल्कि लाखों सिख संगतों के लिए धार्मिक स्वतंत्रता और मानवीय साझेदारी से जुड़ा हुआ मामला है। इस प्रस्ताव में मांग की गई है कि केंद्र सरकार कॉरिडोर को फिर से खोलने और चालू रखने के लिए तुरंत कदम उठाए, तीर्थ यात्रा की प्रक्रियाओं को सरल बनाए और पाकिस्तान सरकार से बातचीत करे ताकि संगत की पाकिस्तान के करतारपुर स्थित गुरुद्वारा दरबार साहिब तक सुरक्षित, सुचारू और निर्बाध पहुंच सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि कॉरिडोर के माध्यम से आने-जाने संबंधी पाबंदियां और रुकावटें दुनिया भर में बसे सिख समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाती हैं और गुरु नानक नाम लेवा संगत को दर्शनों से वंचित करती हैं। प्रस्ताव में केंद्र सरकार से संगत, विशेषकर बुजुर्गों के लिए प्रक्रियाओं को और सरल बनाने की अपील की गई है ताकि अधिक से अधिक संगत इस पवित्र स्थान के दर्शन कर सके।

युद्धपोतों, विमानों और हेलीकॉप्टरों के साथ भारत-सिंगापुर ने परखी समुद्री युद्धक क्षमता

- **पहले चरण में बंदरगाह पर दोनों देशों के नौसैनिकों ने एक-दूसरे के युद्धपोतों का दौरा किया**

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली।, बंगाल की खाड़ी में भारत और सिंगापुर की नौसेनाओं ने मिलकर समुद्री सुरक्षा की तैयारियों को अंजाम दिया है। दोनों देशों ने यहां सिम्बेक्स-2026 नौसैनिक अभ्यास पूरा किया। यह अभ्यास भारतीय नौसेना की मेजबानी में विशाखापत्तनम में हुआ। यहां युद्धपोत, समुद्री निगरानी विमान और हेलीकॉप्टर शामिल रहे। इस दौरान दोनों नौसेनाओं ने समुद्र में विभिन्न युद्धक परिस्थितियों से निपटने और संयुक्त अभियान चलाने का अभ्यास किया। सिंगापुर की नौसेना की ओर से फॉर्मिडेबल श्रेणी का स्टील्थ युद्धपोत आरएसएस सुप्रीम अभ्यास में शामिल हुआ। इस युद्धपोत पर एसएच-70बी हेलीकॉप्टर भी तैनात था। भारतीय नौसेना ने स्वदेश में निर्मित स्टील्थ युद्धपोत आईएनएस नीलगिरि और पनडुब्बी रोधी युद्धक क्षमता वाले आईएनएस कमोर्टा के साथ भाग लिया। इसके अलावा पी-8आई और डोर्नियर समुद्री निगरानी विमान, हॉक उन्नत जेट प्रशिक्षण विमान और एमएच-60आर हेलीकॉप्टर भी अभ्यास का हिस्सा बने। इन युद्धपोतों, विमानों और हेलीकॉप्टरों की भागीदारी ने समुद्र में निगरानी, पनडुब्बी रोधी कार्रवाई और हवाई अभियानों के अभ्यास का अवसर दिया। इससे दोनों देशों की नौसेनाओं को एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने और विभिन्न परिचालन परिस्थितियों में समन्वय बेहतर बनाने का मौका मिला। दरअसल यह अभ्यास दो चरणों में पूरा हुआ। पहले चरण में बंदरगाह पर दोनों देशों के नौसैनिकों ने एक-दूसरे के युद्धपोतों का दौरा किया। विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए और संचालन से जुड़े विषयों पर चर्चा की। योजना बनाने से जुड़ी बैठकों और अन्य पेशेवर गतिविधियों के जरिए दोनों नौसेनाओं ने एक-दूसरे की कार्यप्रणाली को समझा। इसके बाद बंगाल की खाड़ी में समुद्री चरण आयोजित किया गया। इसमें समुद्र में संदिग्ध गतिविधियों को रोकने, पनडुब्बियों का पता लगाने और उनसे निपटने, हवाई खतरों का मुकाबला करने तथा सतह पर मौजूद दुश्मन के जहाजों के खिलाफ कार्रवाई का अभ्यास किया गया।

पंजाब विधानसभा में आखिरी दिन जमकर हंगामा

कांग्रेस का बायकॉट, बाजवा और धालीवाल आमने-सामने

- **मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान व पंजाब सरकार पर जमकर निशाना साधा**

भाजपा नेता रवनीत सिंह बिट्टू बोतल लेकर विधानसभा के बाहर पहुंचे

डेली आवाज भारती



पंजाब विधानसभा के स्पेशल सेशन के आखिरी दिन सदन के बाहर और अंदर जमकर हंगामा हुआ। भाजपा नेता रवनीत सिंह बिट्टू बोतल लेकर विधानसभा के बाहर पहुंचे और मुख्यमंत्री भगवंत मान तथा पंजाब सरकार पर निशाना साधा। वहीं, कांग्रेस विधायक गले में काला कपड़ा पहनकर विधानसभा पहुंचे। प्रताप सिंह बाजवा ने आरोप लगाया कि विधायकों को सदन में जाने से रोका गया। इस मुद्दे पर कांग्रेस नेताओं ने नारेबाजी की और विधानसभा का बायकॉट कर दिया। इस घटनाक्रम के बीच सदन में प्रवेश को लेकर उठे सवालों पर राजनीतिक माहौल गर्म रहा। विवाद के बीच विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने विधानसभा सचिव को मामले की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने बसपा विधायक नछत्तर पाल से भी पूछा कि क्या उन्हें सदन में प्रवेश करने से रोका गया था। इस पर नछत्तर पाल ने जवाब दिया कि वह समय के पाबंद हैं। इसके बाद स्पीकर ने स्पष्ट किया कि किसी भी माननीय सदस्य को सदन में आने से नहीं रोका जाएगा, बशर्ते उसके खिलाफ कोई कार्रवाई न की गई हो। विधानसभा परिसर में पोडियम पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करने को लेकर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के विधायक आमने-सामने आ गए। आप विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने प्रताप सिंह बाजवा पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें बाहर जाकर जो करना है, करें, लेकिन यहां बाजवा की गुंडागर्दी नहीं चलने दी जाएगी। वहीं, प्रताप बाजवा ने आरोप लगाया कि धक्का-मुक्की की गई। विधानसभा परिसर में दोनों पक्षों के बीच तनाव और बढ़ गया।

सुखपाल खैहरा और सरबजीत कौर के बीच तीखी बहस

स्पेशल सेशन के दौरान कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैहरा और आप विधायक सरबजीत कौर माणुके के बीच भी तीखी बहस हुई। खैहरा ने माणुके को एनआरआई की कोठी पर कब्जे के मामले से जोड़ते हुए उनके खिलाफ नारेबाजी की। इस पर माणुके ने जवाब दिया कि उन्हें इस मामले में अदालत से राहत मिल चुकी है। वह खैहरा के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज करवाएंगी। दोनों नेताओं के बीच हुई इस बहस ने हंगामे को बढ़ा दिया।

रवनीत बिट्टू भी बोतल लेकर विधानसभा के बाहर पहुंचे

विधानसभा के बाहर भाजपा नेता रवनीत सिंह बिट्टू भी बोतल लेकर पहुंचे और नशे के मुद्दे पर मुख्यमंत्री भगवंत मान तथा राज्य सरकार को घेरा। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत कर सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। इस तरह स्पेशल सेशन के आखिरी दिन पंजाब विधानसभा में राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप, विरोध प्रदर्शन और तीखी बहस देखने को मिली।

शिरोमणि अकाली दल और भाजपा में जाने की चर्चाओं पर बोले राणा गुरजीत, मित्रां दा नां चलदै



- **पिछले दो दिनों से सोशल मीडिया पर उनके नाम की काफी चर्चा हो रही है**
- **राणा ने सवालिया अंदाज में पूछा कि आखिर भाजपा का वरिष्ठ नेता कौन है?**
- **स्पष्ट किया पार्टी बदलने को लेकर चल रही बातें सोशल मीडिया की उपज**
- **साफ कहा कि पार्टी छोड़ने को लेकर चल रही चर्चाओं में कोई सच्चाई नहीं**

डेली आवाज भारती

कांग्रेस नेता राणा गुरजीत सिंह ने अकाली दल या भाजपा में शामिल होने की अटकलों को खारिज किया है। सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए राणा गुरजीत सिंह ने हंसते हुए कहा, ÷एक बात तो मानते हो कि मित्रां दा नां चलदै।÷ पिछले दो दिनों से सोशल मीडिया पर उनके नाम की काफी चर्चा हो रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात के सवाल पर राणा ने सवालिया अंदाज में पूछा कि आखिर भाजपा का वरिष्ठ नेता कौन है? उन्होंने स्पष्ट किया कि वह किसी भाजपा नेता से नहीं मिले हैं और पार्टी बदलने को लेकर चल रही बातें सोशल मीडिया की उपज हैं।

बोले- बिना पुष्टि के खबरें न चलाएं

कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया यूजर्स और पत्रकारों से अपील की कि किसी भी खबर को चलाने से पहले उसकी पुष्टि जरूर की जाए। उन्होंने कहा कि बिना सत्यापन के खबरें प्रसारित करने से गलतफहमियां पैदा होती हैं। राणा गुरजीत सिंह ने अपने राजनीतिक रुख को स्पष्ट करते हुए कहा कि वह और उनका परिवार कांग्रेस की विचारधारा से जुड़े हुए हैं। वह पंजाब के हितों से जुड़े मुद्दों पर अपनी आवाज उठाते रहेंगे।

बेटे की राजनीति पर भी दिया बयान

राणा गुरजीत सिंह ने अपने बेटे का जिक्र करते हुए कहा कि भले ही उनका बेटा निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीता हो, लेकिन उसकी सोच और विचारधारा पूरी तरह कांग्रेस से जुड़ी हुई है। उनके अपने कुछ नेता भी शायद इन खबरों को सुनकर खुश हो रहे थे कि वह कांग्रेस छोड़ने वाले हैं। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि पार्टी छोड़ने को लेकर चल रही चर्चाओं में कोई सच्चाई नहीं है।

पंजाबः सीएम भगवंत मान के ओएसडी राजवीर सिंह घुम्मन ने बिक्रम मजीठिया को भेजा कानूनी नोटिस

कहा, 'आपने जानबूझकर दो दर्जन से अधिक प्रमुख राष्ट्रीय और राज्य-स्तरीय मीडिया घरानों, पत्रकारों और संस्थागत सोशल मीडिया अकाउंट्स को टैग किया

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के ओएसडी राजवीर सिंह घुम्मन ने शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को कानूनी नोटिस भेजा है। घुम्मन ने मजीठिया के अवैध ड्रग व्यापार सिंडिकेट और गैर-कानूनी व्यावसायिक गतिविधियों से जुड़े आरोपों को खारिज किया। साथ ही, उन्होंने अकालरी नेता ने आरोपों को वापस लेने और सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है। राजवीर सिंह घुम्मन ने अपने कानूनी नोटिस में कहा, आपने (बिक्रम सिंह मजीठिया) सोशल मीडिया पोस्ट में पंजाबी, अंग्रेजी और हिंदी में असत्य, अपमानजनक और गंभीर रूप से मानहानिकारक दावे हैं। आपके सोशल मीडिया पोस्ट में लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह से निराधार, झूठे और मनगढ़ंत हैं, जिन्हें बिना किसी दस्तावेजी या कानूनी सबूत के जारी किया गया है।

घुम्मन ने कहा कि बिक्रम सिंह मजीठिया ने उन्हें गलत तरीके से एक अवैध ड्रग व्यापार सिंडिकेट और गैर-कानूनी व्यावसायिक गतिविधियों से जोड़ा है। नोटिस में कहा गया, 'सुमन आर्बर ग्रुप' किसी भी निजी नशा मुक्ति केंद्र, या राज्य या देश में कहीं भी चल रहे किसी भी अवैध फार्मास्युटिकल व्यापार नेटवर्क से कोई संबंध नहीं है, चाहे वह प्रत्यक्ष हो या अप्रत्यक्ष, आधिकारिक हो या निजी। घुम्मन में नोटिस में लिखा है कि गैर-जिम्मेदाराना बयानों को प्रकाशित करने के पीछे सिर्फ व्यक्तिगत द्वेष और राजनीतिक प्रतिशोध की भावना है। एक वरिष्ठ राजनीतिक हस्ती होने के नाते आपने (मजीठिया) जानबूझकर सार्वजनिक छवि को धूमिल करने, सरकार को राजनीतिक नुकसान पहुंचाने और राजनीतिक हिसाब-किताब बराबर करने के लिए यह 'चरित्र हनन' का अभियान चलाया है।

उन्होंने कहा, आपने जानबूझकर दो दर्जन से अधिक प्रमुख राष्ट्रीय और राज्य-स्तरीय मीडिया घरानों, पत्रकारों और संस्थागत सोशल मीडिया अकाउंट्स को टैग किया। ऐसा करके, आपने यह सुनिश्चित किया कि ये झूठे आरोप पंजाब के हर जिले में व्यापक रूप से फैलें और पढ़े जाएं। नतीजतन, आपकी मानहानि करने वाली पोस्ट के सामने आने के बाद से ही भारी मानसिक पीड़ा, अपमान और उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें पंजाब और अन्य जगहों से अपने रिश्तेदारों, शुभचिंतकों, दोस्तों और सहकर्मियों के लगातार अनगिनत फोन कॉल और पूछताछ का सामना करना पड़ रहा है। वे हैरानी और चिंता के साथ पूछ रहे हैं कि क्या सच में वे उन अवैध गतिविधियों में शामिल हैं, जिनका आपने उन पर झूठा आरोप लगाया है। कानूनी नोटिस में कई धाराओं का जिक्र करते हुए कहा गया कि यह आप (मजीठिया) भारी आर्थिक मुआवजा देने के लिए उत्तरदायी हैं। यह मुआवजा पंजाब भर में उनकी प्रतिष्ठा और सामाजिक स्थिति को पहुंची क्षति के लिए दिया जाना चाहिए।


साथ ही, घुम्मन ने मजीठिया के सोशल मीडिया पोस्ट को निराधार और मानहानिकारक बताते हुए आरोपों को वापस लेने की मांग की। इसके अलावा, 24 घंटे के भीतर पोस्ट हटाने, सार्वजनिक रूप से माफी मांगने और भविष्य में ऐसे आरोप न लगाने का लिखित आश्वासन देने की मांग की गई। घुम्मन ने मांगें पूरी न होने पर आपराधिक कार्यवाही और मानहानि के लिए हर्जाने का मुकदमा दायर

गुरदासपुर के 46 सरपंच और 'आप' के 5 बड़े नेता बीजेपी में शामिल, बठिंडा में भी लगा तगड़ा झटका

सत्ताधारी आम आदमी पार्टी को जोरदार सियासी झटका

- **भाजपा में शामिल होने से पंजाब की राजनीति में नई चर्चा**

डेली आवाज भारती



पंजाब की राजनीति से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है जहां सत्ताधारी आम आदमी पार्टी (AAP) को जमीनी स्तर पर बेहद जोरदार सियासी झटका लगा है। माझा और मालवा क्षेत्र में तेजी से बदले राजनीतिक समीकरणों के बीच गुरदासपुर जिले के 46 सरपंच और आम आदमी पार्टी (AAP) के 5 नेता पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (BJP) में शामिल हो गए हैं। इसके अलावा, बठिंडा जिले के कुछ लोगों ने भी भाजपा का दामन थाम लिया है। इन लोगों के भाजपा में शामिल होने से पंजाब की राजनीति में नई चर्चा शुरू हो गई है।

नेताओं के नामों की सूची का इंतजार

इतनी बड़ी संख्या में नेताओं और पंचायत प्रतिनिधियों के पाला बदलने के बाद राज्य की राजनीति में नई बहस छिड़ गई है। जहां भाजपा खेमे में इस बड़े फेरबदल को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है, वहीं आम आदमी पार्टी के रणनीतिकारों के लिए यह स्थिति चिंता का सबब बन गई है। हालांकि, भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं के नाम और इस राजनीतिक घटनाक्रम से जुड़ी अन्य जानकारियां अभी सामने आना बाकी हैं। जिसे पार्टी जल्द ही सार्वजनिक मंच से साझा कर सकती है।

नशा तस्करों से छुटकारा चाहती हैं पंजाब की महिलाएंः हरसिमरत कौर बादल

'मावां-धियां दी ललकार, बंद करवांगे नशे दा कारोबार' रैली के दौरान 'आप' सरकार पर साधा निशाना

डेली आवाज भारती/ब्यूरो



ज़ीरकपुर। शिरोमणि अकाली दल की सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने डेराबस्सी हलके की महिलाओं को नशे के प्रकोप के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया है। मंगलवार को ज़ीरकपुर में आयोजित ÷मावां-धियां दी ललकार, बंद करवांगे नशे दा कारोबार÷ नामक विशाल रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज पंजाब की माएं और बहनें नशा तस्करों से पूरी तरह छुटकारा चाहती हैं। इस रैली में हलके से बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। संबोधन के दौरान हरसिमरत कौर बादल ने मौजूदा %आप% सरकार पर तीखे हमले बोलते हुए कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार महिलाओं की सबसे बड़ी दोषी साबित हुई है। उन्होंने कहा कि चुनावों के समय महिलाओं को 1,000 रुपये प्रति माह देने की गारंटी दी गई थी, लेकिन आज तक राज्य में एक भी महिला ऐसी नहीं है जिसके खाते में आप सरकार बनने से लेकर अब तक के सभी महीनों के पैसे आए हों। 3 महीनों में नशा खत्म करने का दावा करने वाले 5 वर्षों में एक भी बड़े नशा तस्कर को पकड़ने में नाकाम रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि जगह-जगह शराब के ठेके खोलकर नशे के कारोबार को बढ़ावा देना है। उन्होंने घोषणा की कि पंजाब में अकाली दल की सरकार बनने पर एक महिला आईपीएस अधिकारी के नेतृत्व में विशेष टास्क फोर्स बनाई जाएगी, जो अकाली दल की %माई भागो फौज% के साथ मिलकर नशा तस्करों का पूर्ण सफाया करेगी। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे अन्य परिवारों की महिलाओं को साथ जोड़कर माई भागो फौज का हिस्सा बनें। इससे पहले रैली आयोजक और पूर्व विधायक एन.के. शर्मा की पत्नी बबीता शर्मा ने हरसिमरत कौर बादल का स्वागत किया।

CMYK

page 2_Layout 1 27-10-2026 17:45 Page 1

श्री तरुण बजाज ने पंचकूला में पावरग्रिड के अंतरक्षेत्रीय सांस्कृतिक समारोह 'अभिव्यक्ति2026' का उद्घाटन किया









डेली आवाज भारती

पंचकूला। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब और हरियाणा से आए उभरते कलाकारों ने रंग-बिरंगे परिधानों और आकर्षक प्रस्तुतियों के साथ पावरग्रिड के वार्षिक अंतरक्षेत्रीय सांस्कृतिक उत्सव 'अभिव्यक्ति 2026' में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। यह सांस्कृतिक उत्सव एवं पारंपरिक हस्तशिल्प प्रदर्शनी पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के उत्तरी क्षेत्र II द्वारा इंद्रधनुष सभागार, पंचकूला में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तरी क्षेत्र II के कार्यपालक निदेशक श्री तरुण बजाज ने बड़ी संख्या में उपस्थित अतिथियों, पावरग्रिड कर्मचारियों और उनके परिवारों की उपस्थिति में हस्तशिल्प एवं सांस्कृतिक समारोह का उद्घाटन किया। उत्सव में उत्तरी क्षेत्र II के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की प्रतिभाओं ने लोक नृत्यों, नाटकों और गीतों के माध्यम से क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत कर दिया। यह कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर था, जिसमें क्षेत्र की शौकिया प्रतिभाओं ने अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रस्तुत की गई विविध प्रस्तुतियों में शामिल थीं– अब्दुल्लापुर उपकेंद्र द्वारा चीर से चिंगारी तक,अमृतसर उपकेंद्र द्वारा जलियांवाला बाग हत्याकांड, कैथल उपकेंद्र द्वारा किन्नर गाथा ,चंडीगढ़ उपकेंद्र के कलाकारों द्वारा शकुंतला और दुष्यंत की कथा ,जालंधर उपकेंद्र द्वारा सृष्टि की मर्यादा , नालागढ़ उपकेंद्र द्वारा हिमालय देवभूमि-परंपरा, संस्कृति और संघर्ष ,मोगा उपकेंद्र द्वारा बारूद की राख से, मलेरकोटला उपकेंद्र के कलाकारों द्वारा जल ,फतेहाबाद उपकेंद्र के कलाकारों द्वारा म्हारा हरियाणा घणी शान से, पंचकूला उपकेंद्र के दल द्वारा अंधविश्वास की ज़ंजीरें ,सांबा उपकेंद्र द्वारा उड़ान ,हमीरपुर उपकेंद्र द्वारा आज की द्रौपदी तथा क्षेत्रीय मुख्यालय, जम्मू की टीम द्वारा शक्ति स्वरूपा-माँ वैष्णो देवी ।

परमिंदर सिंह गोल्डी ने झुग्गियां रोड के निर्माण कार्य की करवाई शुरुआत

- 3 करोड़ 98 लाख रुपये की लागत से बनेगी सड़क, पेवर ब्लॉक वाले बरमों के साथ लगेंगे नए बिजली के खंभे और स्ट्रीट लाइटें



डेली आवाज भारती

खरड़, संदीप अकालगढ़िया। खरड़ के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए पंजाब यूथ डेवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन परमिंदर सिंह गोल्डी ने झुग्गियां रोड के निर्माण कार्य की शुरुआत करवाई। इस विकास कार्य पर कुल 3 करोड़ 98 लाख रुपये की लागत आएगी। इस मौके पर मिठाई बांटकर उपस्थित लोगों का मुंह मीठा करवाया गया। इस अवसर पर परमिंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि लोगों को बेहतर सड़क सुविधाएं उपलब्ध करवाना और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना उनकी मुख्य प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि झुग्गियां रोड के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। सड़क के नवीनीकरण से यातायात अधिक सुगम होगा और नई स्ट्रीट लाइटें लगने से रात के समय भी लोगों को आने-जाने में सुविधा मिलेगी।कार्यकारी अधिकारी अशोक पथरिया ने बताया कि इस सड़क की कुल लंबाई लगभग 6 किलोमीटर होगी, जिसमें चंडीगढ़ रोड की ओर से पहले बनाई गई सड़क का हिस्सा भी शामिल है। सड़क पर लुक (बिटुमिनस सामग्री) डाली जाएगी। इसके साथ ही सड़क के दोनों ओर बरमों को पेवर ब्लॉक से तैयार किया जाएगा। लोगों की सुविधा के लिए नए बिजली के खंभे लगाने के साथ-साथ नई स्ट्रीट लाइटें भी लगाई जाएंगी। इस मौके पर कार्यकारी अधिकारी अशोक पथरिया, नगर परिषद का कार्यालय स्टाफ, गुरशरण सिंह हलका संगठन इंचार्ज, गोविंदर चीमा, प्रभजोत सिंह खालसा, जतिंदर सिंह ई.एम.ई. सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

अटल पेंशन योजनाः आउटरीच कार्यक्रम आयोजित



डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। अटल पेंशन योजना (APY) के प्रचार-प्रसार, पात्र नागरिकों को योजना से जोड़ने तथा पेंशन संबंधी सामाजिक सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज चंडीगढ़ में अटल पेंशन योजना आउटरीच कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (PFRDA), पंजाब नेशनल बैंक (PNB), राज्य स्तरीय बैंकर्स समितियों (SLBCs) पंजाब, हरियाणा एवं चंडीगे तथा बैंकों के राज्य प्रमुखों, विभिन्न शाखाओं के प्रमुखों तथा बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट (BC) एजेंटों की भी सक्रिय भागीदारी रही। श्री रामकिशोर मीना उप महाप्रबंधक राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति पंजाब ने बताया कि कार्यक्रम में श्री प्रवेश कुमार मुख्य महाप्रबंधक, पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (PFRDA), श्री आशीष चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक, श्री संजीव कुमार झा, मण्डल प्रमुख, पंजाब नेशनल बैंक, चंडीगढ़, श्री बिस्वजीत बिस्वाल, मण्डल प्रमुख, पंजाब नेशनल बैंक, मोहाली, तथा ओमकारनाथ झा उप महाप्रबंधक राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति हरियाणा सहित राज्यो सरकारो तथा नाबार्ड से भी उच्च अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया। अटल पेंशन योजना के तहत 18 से 40 वर्ष के पात्र नागरिक अपना अंशदान देते हुये 1000 से 5000 तक प्रति माह पेंशन प्राप्ति के लिए पंजीकरण करवा सकते है।

गांव खेड़ा की झंडी की कुश्ती कमलजीत डूमछेड़ी ने विवेक बाबा फलाही को चित कर जीती

डेली आवाज भारती

माजरी/, संदीप अकालगढ़िया। गांव खेड़ा की छिंज कमेटी और बाबा कमलदेव यूथ स्पोर्ट्स क्लब (रजि.), प्रवासी भाइयों तथा समस्त नगर निवासियों के सहयोग से वार्षिक विशाल कुश्ती दंगल गांव के स्वर्गीय सूबेदार करनैल सिंह यादगारी खेल स्टेडियम में करवाया गया। इस दौरान झंडी की कुश्ती कमलजीत डूमछेड़ी ने विवेक बाबा फलाही को चित कर जीत ली। इस कुश्ती दंगल के संबंध में जानकारी देते हुए गांव के सरपंच बलजीत सिंह और पूर्व सरपंच गुलजार सिंह ने बताया कि दंगल में प्रसिद्ध अखाड़ों के पहलवानों के बीच कुश्तियां करवाई गईं। इन मुकाबलों की कमेंट्री प्रसिद्ध कमेंटेटर कुलवीर समरौली ने अपने शानदार अंदाज में की। इस छिंज के दौरान झंडी की कुश्ती कमलजीत डूमछेड़ी और विवेक बाबा फलाही के बीच करीब 20 मिनट तक कांटे की टक्कर रही। आखिरकार कमलजीत डूमछेड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए झंडी की कुश्ती अपने नाम कर ली। इसके अलावा अन्य पहलवानों में हरी डूमछेड़ी, माना डूमछेड़ी, सिमरन समौल, अमन नाढा, अरमान, हरजस चमकौर साहिब, रोहित मुल्लांपुर, जसवीर पड़छ, प्रिंस नाढा, हरमन मुल्लांपुरा और मनु बिंदरख के बीच भी कुश्तियां करवाई गईं। इस कुश्ती दंगल में मुख्य अतिथि के रूप में एसजीपीसी सदस्य अजमेर सिंह खेड़ा विशेष रूप से पहुंचे। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों की ओर आकर्षित होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल इंसान को हर तरह के विकारों से दूर रखते हैं और उसके मन को तरोताजा बनाए रखते हैं। इसलिए सभी गांवों में खेल मैदानों की व्यवस्था होनी चाहिए। इस अवसर पर बलजीत सिंह खेड़ा, गुरुद्वारा प्रधान, दर्शन सिंह, पूर्व सरपंच गुलजार सिंह, सुरिंदर सिंह, सोमा माजरी और पहलवान कुलतार सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। आयोजकों की ओर से सभी गणमान्य व्यक्तियों को सम्मान चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर दंगल कमेटी की ओर से अंतरराष्ट्रीय पहलवान जसपूरन सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत, नगर निवासी और गांव के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे।



सीटू की रोपड़ और नवांशहर जिला इकाइयों की संयुक्त बैठक, 3 नवंबर को धूरी में पंजाब सरकार के खिलाफ होगा संघर्ष

मजदूरों की मांगों को लेकर मान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन का ऐलान



डेली आवाज भारती

रोपड़/गुरप्रीत। आज सीटू (ष्ट्ठड्ढञ्ज) जिला रोपड़ और नवांशहर की संयुक्त बैठक साथी विनोद कुमार भट्टी की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में सीटू के प्रदेश महासचिव कॉमरेड महां सिंह रोड़ी विशेष रूप से शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए कॉमरेड महां सिंह रोड़ी ने कहा कि पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार भी केंद्र की मोदी सरकार के नक्शेकदम पर चल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मजदूरों के हित में बनाए गए 29 श्रम कानूनों की जगह मजदूर विरोधी चार लेबर कोड लागू करना, मनरेगा की जगह नए कानून के तहत व्यवस्था करना, कर्मचारियों को महंगाई भत्ता (डीए) नहीं देना और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे लोगों पर पुलिस को कथित तौर पर सख्ती करने की खुली छूट देना, इसके उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि मजदूरों की मांगों को पूरा करवाने के लिए सीटू की ओर से 3 नवंबर को धूरी में पंजाब सरकार के खिलाफ संघर्ष किया जाएगा। उन्होंने दोनों जिलों की बैठक में शामिल नेताओं और कार्यकर्ताओं से अपील की कि निर्धारित लक्ष्य से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। बैठक में सीटू नेता कॉमरेड गुरदेव सिंह बागी, आशा वर्कर्स एवं फैसिलिटेटर यूनियन की प्रदेश महासचिव सुरजिंदर कौर, जसविंदर कौर, अमरजीत कौर, बीबीएमबी फील्ड एम्प्लॉइज यूनियन के अध्यक्ष राकेश कुमार, राजा सिंह, निर्माण मजदूरों के नेता प्रेम चंद जट्टपुर, राम सिंह, जरनैल सिंह जैली, बर्तन, प्लास्टिक एवं ह्यूमन हेयर सप्लायर एंड फेरी वर्कर यूनियन के नेता श्रीपाल, राहुल उर्फ छोटू भाई, स्वराज माजदा कॉन्ट्रैक्ट वर्कर यूनियन के महासचिव परमिंदर कंग, जीवन कुमार सहित अन्य नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जगमोहन सिंह कंग ने चंडीगढ़ प्रशासक को पत्र लिखकर कुराली के लिए सीटीयू की दो नई बस सेवाएं शुरू करने की मांग की

कुराली से चंडीगढ़ रोजाना बड़ी संख्या में आते-जाते हैं विद्यार्थी, कर्मचारी और आम लोग

डेली आवाज भारती

कुराली। संदीप अकालगढ़िया। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और पंजाब के पूर्व मंत्री जगमोहन सिंह कंग ने चंडीगढ़ के प्रशासक एवं रा'यपाल गुलाब चंद कटारिया को पत्र लिखकर कुराली से चंडीगढ़ के लिए चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग (सीटीयू) की दो नई बस सेवाएं शुरू करने की मांग की है। अपने पत्र में जगमोहन सिंह कंग ने कहा कि उनका विधानसभा क्षेत्र खरड़ चंडीगढ़ के बिल्कुल साथ लगता है। इस क्षेत्र में तीन बड़े शहर एवं नगर परिषद क्षेत्र खरड़, कुराली और नया गांव आते हैं, जिनकी आबादी काफी बढ़ चुकी है। इन शहरों, विशेषकर कुराली से आम लोग विभिन्न कार्यों के लिए रोजाना बड़ी संख्या में चंडीगढ़ आते-जाते हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल चंडीगढ़ से खरड़ तक चलने वाली सीटीयू की लोकल बसें नंबर ×5-ए और ×5-बी केवल खरड़ तक ही आती-जाती हैं। ये बसें कुराली तक नहीं जातीं, जिसके कारण कुराली के लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पूर्व मंत्री कंग ने चंडीगढ़ के प्रशासक से इस मामले में उचित हस्तक्षेप करने की अपील करते हुए कहा कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए और रोजाना सफर करने वाले यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए दो नए बस रूट शुरू करना बेहद जरूरी है। जगमोहन सिंह कंग ने अपने पत्र में दो नए बस रूट शुरू करने का प्रस्ताव रखा है। पहला रूट- कुराली से खरड़, मोहाली के फेज-6, सेक्टर-4×, सेक्टर-17 चंडीगढ़ होते हुए पीजीआई तक बस सेवा शुरू की जाए। दूसरा रूट- कुराली से खरड़,



मोहाली के फेज-6 और सेक्टर-4× होते हुए सेक्टर-×2 अस्पताल तक बस सेवा शुरू की जाए। उन्होंने मांग की कि इन दोनों रूटों पर हर एक घंटे के अंतराल पर बस सेवा उपलब्ध करवाई जाए, ताकि यात्रियों को नियमित और सुविधाजनक परिवहन सुविधा मिल सके। कंग ने कहा कि खरड़ विधानसभा क्षेत्र में कुराली एक बड़ी आबादी वाला शहर है। चंडीगढ़ पंजाब की राजधानी होने के कारण इस क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग नौकरी और अन्य कामों के लिए चंडीगढ़ जाते हैं। इसके अलावा विद्यार्थी मोहाली और चंडीगढ़ की विभिन्न यूनिवर्सिटियों तथा कॉलेजों में पढ़ाई करने के लिए रोजाना सफर करते हैं। उन्होंने कहा कि कुराली से बड़ी संख्या में मरीज इलाज करवाने के लिए चंडीगढ़ के सेक्टर-×2 स्थित सरकारी अस्पताल भी जाते हैं। लेकिन पर्याप्त बस सेवा उपलब्ध न होने के कारण उन्हें काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। पूर्व मंत्री ने बताया कि दूसरे शहरों से कुराली बस स्टैंड पहुंचने वाली बसें पहले से ही यात्रियों से भरी होती हैं। इस कारण कुराली के लोगों को बसों के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। इसके अलावा कुराली और खरड़ के बीच पड़ने वाले गांवों के बस स्टॉप पर भी कई बार बसें यात्रियों को नहीं उठातीं, जिससे ग्रामीणों की मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। जगमोहन सिंह कंग ने कहा कि नई बस सेवाएं शुरू होने से कुराली सहित आसपास के गांवों के निवासियों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों और मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि चंडीगढ़ प्रशासन यात्रियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इस मांग पर जल्द उचित कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि यदि यह बस सेवाएं शुरू की जाती हैं तो वह स्वयं, क्षेत्र के निवासी और विशेषकर कुराली शहर के लोग चंडीगढ़ प्रशासन के आभारी रहेंगे। इस पत्र की प्रतियां आवश्यक कार्रवाई के लिए पंजाब के मुख्य सचिव, सचिव परिवहन तथा निदेशक, सीटीयू चंडीगढ़ को भी भेजी गई हैं।

हरसिमरत कौर बादल आज खरड़ में नशा विरोधी अभियान कार्यक्रम का करेंगी नेतृत्व

- 'मांओं-बेटियों की ललकार, बंद करवाएंगे नशे का व्यापार' मुहिम के तहत होगा कार्यक्रम



डेली आवाज भारती

खरड़/संदीप अकालगढ़िया। पूर्व केंद्रीय मंत्री और बठिंडा से सांसद हरसिमरत कौर बादल नशे की बुराई के खिलाफ अपनी मुहिम 'मांओं-बेटियों की ललकार, बंद करवाएंगे नशे का व्यापार' के तहत बुधवार, 28 अक्टूबर 2026 को खरड़ पहुंचेंगी। शिरोमणि अकाली दल के खरड़ हलका इंचार्ज रविंदर सिंह खेड़ा ने मंगलवार को बताया कि यह कार्यक्रम सुबह 10-30 बजे अरिस्टा होटल के सामने, न्यू सनी एन्क्लेव, एयरपोर्ट रोड, खरड़ में शुरू होगा। रविंदर सिंह खेड़ा ने कहा, ÷पंजाब में हर रोज कोई न कोई मां अपने बेटे का अंतिम संस्कार कर रही है। यह मुहिम उन मांओं और बेटियों की आवाज है और जब तक नशे का कारोबार बंद नहीं होता, यह मुहिम जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि मानसा में नशा विरोधी कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा की हाल ही में हुई हत्या के बाद इस कार्यक्रम का महत्व और बढ़ गया है। झोटा को 13 अक्टूबर को दिनदहाड़े फेसबुक लाइव के दौरान कथित तौर पर एक मेडिकल स्टोर के मालिक ने गोली मार दी थी। हरसिमरत कौर बादल ने इस हत्या की सीबीआई जांच करवाने और नेताओं तथा पुलिस के कथित गठजोड़ की जांच करने की मांग की है। खेड़ा ने कहा कि झोटा ने नशे के खिलाफ आवाज उठाई और इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकाई। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा, ÷अगर नशा बेचने वालों को बेनकाब करने वाला व्यक्ति ही सुरक्षित नहीं है, तो आम परिवारों को क्या उम्मीद हो सकती है? हमारी मांएं और बहनें अब चुप नहीं बैठ सकतीं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नशे के कारण पंजाब के परिवारों को हो रहे नुकसान, ओवरडोज से होने वाली मौतों तथा नशा तस्करों और उन्हें संरक्षण देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को प्रमुखता से उठाना होगा। खेड़ा ने कहा कि यह लड़ाई केवल विज्ञापनबाजी से नहीं जीती जा सकती। इसे तभी जीता जा सकता है, जब परिवार एकजुट होकर जवाबदेही की मांग करेंगे। उन्होंने खरड़ की सभी माताओं, बहनों और बेटियों से अपील की कि वे बड़ी संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर अपनी आवाज बुलंद करें।

पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय और केंद्रीय भूजल बोर्ड चंडीग के बीच समझौता; बठिंडा में भूजल में यूरेनियम प्रदूषण का होगा अध्ययन



डेली आवाज भारती

बठिंडा। पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, बठिंडा ने सोमवार को केंद्रीय भूजल बोर्ड, उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र, चंडीगढ़ के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते का उद्देश्य पंजाब के बठिंडा और गोनियाना मंडी क्षेत्रों में भूजल की गुणवत्ता का अध्ययन करना है। इस अध्ययन में विशेष रूप से भूजल में यूरेनियम की मौजूदगी और उससे होने वाले प्रदूषण पर ध्यान दिया जाएगा। यह अध्ययन नेशनल एक्विफर मैपिंग एंड मैनेजमेंट (नैक्रिम) प्रोग्राम के तहत किया जाएगा। इसके माध्यम से भूजल की गुणवत्ता की जांच एवं प्रदूषण से प्रभावित हो सकने वाले क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और भूजल को सुरक्षित रखने के लिए वैज्ञानिक जानकारी जुटाई जाएगी। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के अवसर पर पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति प्रो. रामकृष्ण वुसिरिका और केंद्रीय भूजल बोर्ड, चंडीगढ़ के क्षेत्रीय निदेशक श्री निधीश वर्मा उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ. विजय शर्मा और विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारी प्रो. जे. के. पटनायक ने हस्ताक्षर किए। केंद्रीय भूजल बोर्ड की ओर से वैज्ञानिक-सी श्री कुलदीप गोपाल भारतीरिया ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की निदेशक प्रो. मोनिशा धीमान, अनुसंधान एवं विकास निदेशक प्रो. अंजना मुंशी, पर्यावरण विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. वी. के. गर्ग, भूविज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रो. बंदना सामंत, भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. एल. टी. ससांग गुइते, प्रो. सुनील मित्तल, प्रो. योगलक्ष्मी के. एन., प्रो. समीर दुरानी तथा संबंधित विभागों के अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

डॉ. अंकित गोयल ने राष्ट्रीय स्तर पर चमकाया नाम, नीट-पीजी में ऑल इंडिया रैंक 207 और पंजाब में हासिल किया पहला स्थान

- स्वर्णकार समाज पंजाब रजिस्टर्ड की ओर से डॉ. अंकित गोयल और उनके परिवार को घर पहुंचकर किया गया विशेष सम्मानित



डेली आवाज भारती

कुराली, संदीप अकालगढ़िया। स्वर्णकार समाज पंजाब रजिस्टर्ड की ओर से नीट-पीजी परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 207 और पंजाब में पहला स्थान हासिल करने की शानदार उपलब्धि पर डॉ. अंकित गोयल के घर पहुंचकर उन्हें और उनके परिवार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वर्णकार समाज पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष हेमराज वर्मा और प्रदेश महासचिव अमृत वर्मा ने डॉ. अंकित गोयल को सम्मान-पत्र, शॉल और फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया। इसके साथ ही उनके माता-पिता श्री रोहित गोयल और श्रीमती नीना गोयल को भी सम्मानित किया गया। डॉ. अंकित गोयल ने सरकारी मेडिकल कॉलेज, पटियाला से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस सफलता से परिवार, समाज और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस मौके पर अमृत वर्मा ने कहा कि डॉ. अंकित गोयल की सफलता मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प का उत्कृष्ट उदाहरण है। ऐसी उपलब्धियां युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि समाज का उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करके युवा पीढ़ी को प्रोत्साहित करना है। स्वर्णकार समाज पंजाब रजिस्टर्ड की ओर से डॉ. अंकित गोयल और उनके परिवार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि मेहनत से हासिल की गई सफलता न केवल व्यक्ति, बल्कि पूरे समाज का गौरव बढ़ाती है।

CMYK

page 3_Layout 1 27-10-2026 18:11 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, संगरूर ❯❯ बुधवार, 28 अक्तूबर 2026

पंजाब को कर्ज और नशे से मुक्त करने के लिए भाजपा सरकार जरूरी: सैनी

मंडल कार्यकारिणी की बैठक में 'आप' सरकार को घेरा, भाजपा की जन कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

डेली आवाज भारती

ज़ीरकपुर:तरनप्रीत सिंह गिल : ज़ीरकपुर में भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा पंजाब के उपाध्यक्ष गुरदर्शन सिंह सैनी की अध्यक्षता में मंडल कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई।



इस अवसर पर जिला ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष हरप्रीत सिंह सैनी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान पंजाब की मौजूदा राजनीतिक स्थिति, राज्य पर बढ़ते कर्ज, नशे की समस्या और जन कल्याण से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गुरदर्शन सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब पर कर्ज का बढ़ता बोझ राज्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी ने सत्ता में आने से पहले पंजाब के लोगों से कई वादे किए थे, लेकिन सरकार उन्हें पूरा करने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब को कर्ज के संकट से उबारने और राज्य को फिर से प्रगति के रास्ते पर लाने के लिए राज्य में भाजपा की सरकार होना बेहद जरूरी है। सैनी ने पंजाब में नशे की समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशे ने राज्य के युवाओं और परिवारों को बुरी तरह प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि पंजाब की युवा पीढ़ी को नशे से बचाना और राज्य में बेहतर कानून-व्यवस्था व विकास का माहौल बनाना आज के समय की मुख्य आवश्यकता है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश भर में जनहित के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी साझा की। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा किसानों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित समाज के विभिन्न वर्गों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इन योजनाओं और लोगों को मिल रही सुविधाओं के बारे में घर-घर जाकर जनता को जागरूक करें और पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाएं। उन्होंने पार्टी संगठन को और मजबूत करने तथा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका के माध्यम से लोगों से संपर्क बढ़ाने पर भी जोर दिया।

11 लोगों ने चैकिंग के लिए जा रहे आबकारी, पुलिस कर्मचारियों पर किया हमला

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने बीते दिन आबकारी निरीक्षक सर्कल गुरुहरसहाय, पुलिस पार्टी व ठेकेदार के लोगों पर हमला करके गाड़ी की तौड़-फौड़ करने वाले 11 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के एएसआई गुरदीप सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में गुरप्रीत सिंह (आबकारी निरीक्षक) सर्कल गुरुहरसहाय ने बताया कि वह बीते दिन पुलिस पार्टी और प्राईवेट व्यक्ति ठेकेदार के साथ बावे ला गांव से आगे सेमनाले पर चैकिंग के लिए गया था और रास्ते में गांव बावे वाला पहुंचने पर जगदीश पुत्र करनैल सिंह, पवन कुमार पुत्र जगदीश सिंह, बोबी पुत्र जोगिन्द्र सिंह, गुरनाम सिंह, सुबा सिंह पुत्र गुरनाम सिंह, अजय कुमार पुत्र सावन सिंह ने 5 के करीब अज्ञात लोगों के साथ उन्हें रुकने का ईशारा किया और उन पर हमला कर दिया। जिससे गाड़ी का शीशा टूट गया और पीड़ित ने वहां से गाड़ी को भगाकर खुद को बचाया। शिकायतकर्ता ने ताया कि दोषियों ने ऐसा करके सरकारी ड्यूटी में रुकावट पैदा की है।

भगवान वाल्मीकि तीर्थ में पहुंचे मुख्यमंत्री मान ने शशि गिल का भजन सुनकर उनके गले की भरपूर सराहना की

डेली आवाज भारती

अमृतसर। भगवान वाल्मीकि जी के प्रकट उत्सव पर पंजाब सरकार द्वारा करवाएं गए राज्य स्तरीय समागम दौरान भगवान वाल्मीकि तीर्थ में आशीर्वाद लेने पहुंचे मुख्यमंत्री भगवान मान ने जहां परमात्मा वाल्मीकि महाराज के चरणों में अपनी हाजिरी लगवा कर वाल्मीकि प्रकट उत्सव की बधाई दी। मुख्यमंत्री ने भगवान वाल्मीकि मंदिर में चल रहे भजन कीर्तन दौरान भगवान वाल्मीकि जी की वाणी को सरवन किया वहीं पर वाल्मीकि समाज के कौमी गायक शशि गिल द्वारा गाये गए भजन 'बालक दो सिया गोदी दोनों में ब्रत्म की ज्योति, अंतर हैं इतना लव-कुश में इक कुख से हुए इक कख से हुए÷ को सुनकर मुख्यमंत्री भगवंत मान अपने अंदर की



भावना को नहीं रोक पाए और उन्होंने शशि गिल की प्रशंसा करते हैं उनके गले की भरपूर सराहना कर उनकी कमर थपथपाई।

मल्टीपर्पज हेल्थ इंप्लाइज यूनियन जिला फिरोजपुर पदाधिकारियों की अहम बैठक आयोजित

- बैठक में मांगों पर विचार करके सिविल सर्जन को मांगपत्र सौंपने लिया गया फैसला

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): मल्टीपर्पज हेल्थ इंप्लाइज यूनियन जिला फिरोजपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक सतपाल सिंह जिला अध्यक्ष और रमन अटारी जिला महासचिव के नेतृत्व में सिविल अस्पताल फिरोजपुर में हुई। जिसमें विभिन्न ब्लॉकों से बड़ी संख्या में साथियों ने भाग लिया। बैठक में मल्टीपर्पज कर्मचारियों की मांगों पर विचार-विमर्श किया गया और यह निर्णय



लिया गया कि मल्टीपर्पज कर्मचारियों की मांगों का मांग पत्र सिविल सर्जन फिरोजपुर को दिया जाएगा और मांग पत्र पर समय लेकर सिविल सर्जन फिरोजपुर से बातचीत की जाएगी। इस बैठक में अमरजीत सिंह, राकेश कंबोज, रविंद्र शर्मा, अजीत सिंह, मनिंदर सिंह, सारज, लखविंदर सिंह, इंद्रजीत सिंह, हरीश कुमार, गुरदेव सिंह, हरप्रीत सिंह, रमनदीप सिंह, गुरजीत सिंह, अजय कुमार, सर्बजीत सिंह, तरसेम सिंह, सत्युग सिंह, जगप्रीत सिंह, हरनेक सिंह, जसबीर सिंह, अमनदीप सिंह, पवन कुमार, परमजीत सिंह, जसपाल बजाज, वरिंदर कुमार, माला रानी, प्रदीप कौर, जसविन्द्र कौर, निर्मलजीत कौर, मनजीत कौर, परविंदर कौर, रविंदर कौर, सरोज रानी, अमनदीप कौर, संतोष कुमारी, मंजू बाला, वीरपाल कौर, सुप्रीत कौर, राजविंदर कौर, राजवंत कौर, वीना, सुनीता रानी, रमन, परमजीत कौर, पवनजीत कौर, शिमला रानी, बिमला रानी, गगनदीप कौर, आदि उपस्थित थे।

तीन लोगों ने दो भाईयों को मारपीट करके किया जख्मी

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना मक्खू की पुलिस ने जल्ला चौंकी वार्ड नंबर 4 मक्खू में बीते दिन युवक एवं उसके भाई को रास्ते में रोककर मारपीट कर जख्मी करने और उन्हें मारने की धमकियां देने वाले तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना मक्खू के एएसआई रणजीत सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता अकाश पुत्र सारज वासी जल्ला चौंकी वार्ड नंबर 4 मक्खू ने बताया कि बीते दिन जब वह अपने भाई के साथ घर जा रहा था तो रास्ते में पीता पुत्र इंद्र सिंह वासी सूदा, अभिषेक उर्फ टोफी पुत्र रामपाल व अजय पुत्र मिंटू वासी जल्ला चौंकी मक्खू ने उनके साथ मारपीट की और उन्हें मारने की धमकियां दी। जिसके बाद दोषी वहां से फरार हो गए।

कार्तिक मास की पावन प्रभात फेरी से भक्तिमय हुआ दारा सलाम

गीता मंदिर में तुलसी पूजन के बाद गूंजा 'गोविंद जय जय, गोपाल जय जय' का संकीर्तन

डेली आवाज भारती

बटाला।(अमनदीप संधू) सनातन धर्म में कार्तिक मास को भक्ति, साधना, पुण्य कर्म और प्रभु स्मरण का अत्यंत पवित्र महीना माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस पावन मास में भगवान श्रीहरि विष्णु एवं भगवान श्रीकृष्ण की आराधना तथा तुलसी माता की पूजा-अर्चना करने से मन को शांति और जीवन को सकारात्मक दिशा मिलती है। इसी श्रद्धा और आध्यात्मिक आस्था के साथ कार्तिक मास के दूसरे दिन बटाला के प्रेम नगर स्थित दारा सलाम क्षेत्र के गीता मंदिर में मातृशक्ति द्वारा तुलसी पूजन किया गया। इसके पश्चात भगवान श्रीकृष्ण के मनमोहक बाल स्वरूप को श्रद्धापूर्वक साथ लेकर छोटी, लेकिन भावपूर्ण प्रभात फेरी निकाली गई। प्रातःकाल के शांत



वातावरण में मंदिर परिसर में महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक तुलसी माता की पूजा-अर्चना की। इस दौरान परिवारों की सुख-समृद्धि, सुख-शांति तथा समस्त समाज के कल्याण की मंगलकामना की गई। पूजा-अर्चना के बाद भगवान श्रीकृष्ण के सुंदर बाल स्वरूप को सस्मान साथ लेकर प्रभात फेरी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महिलाओं के चेहरों पर भक्ति का भाव और हृदय में प्रभु के प्रति अटूट श्रद्धा दिखाई दी। प्रभात फेरी के दौरान 'गोविंद जय जय, गोपाल जय जय' के मधुर संकीर्तन से दारा सलाम की गलियां गूंज उठीं। श्रद्धालु महिलाएं प्रेम और उत्साह के साथ भगवान श्रीकृष्ण का गुणगान करती हुई आगे बढ़ीं। वातावरण में गूंजते भक्ति गीतों ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। प्रभु के नाम का स्मरण करते हुए निकाली गई इस प्रभात फेरी ने श्रद्धालुओं को भक्ति, प्रेम और सद्भावना से जुड़ने का संदेश दिया। इस धार्मिक आयोजन में मुख्य सेवादार पूनम शर्मा गोगा, रितु महाजन, ज्योति शर्मा, रमा शर्मा, शारदा सहदेव, समीरा, संगीता, नीतू, नतिका शर्मा, सुदेश शर्मा, सवाली शर्मा, सविता तथा नीतू शर्मा सहित अन्य श्रद्धालु महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने सामूहिक रूप से संकीर्तन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की और कार्तिक मास की धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाने में योगदान दिया। कार्तिक मास केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मचिंतन, सेवा, संयम और सद्कर्मों की प्रेरणा देने वाला पावन अवसर भी है। तुलसी पूजन और प्रभु नाम संकीर्तन जैसी परंपराएं भारतीय संस्कृति की आध्यात्मिक विरासत को सहेजने के साथ-साथ लोगों को आपसी प्रेम, एकता और सद्भावना के सूत्र में बांधती हैं।

ड्रग कंट्रोल अधिकारी ने पुलिस टीम के साथ मेडिकल स्टोर की जांच की

- चैकिंग के दौरान नशीले पदार्थों की दो किस्मों की दवाएं की जब्त

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): ड्रग कंट्रोल अधिकारी सोनिया गुप्ता द्वारा पुलिस टीम के सहयोग से फिरोजपुर शहर के भारत नगर, खाई रोड पर स्थित एम/एस ए.आर फार्मेसी की जांच की गई। इस दौरान ड्रग कंट्रोल अधिकारी सोनिया गुप्ता ने बताया कि इस जांच के दौरान दो किस्म की एलोपैथिक दवाएं जब्त की गई, जिनमें प्रीगैबलिन 300 एमजी के 108 कैप्सूल और टैपेंटाडोल की 80 गोलियां शामिल हैं। जब्त की गई दवाओं की कुल कीमत 4,392 रुपये है। इस मामले के संबंध में ड्रग कंट्रोल अधिकारी द्वारा पुलिस को बी.एन.एस की लागू धाराओं के तहत एफ.आई.आर दर्ज करने के लिए



ड्रग कंट्रोल अधिकारी सोनिया गुप्ता सील किए मेडीकल स्टोर संबंधी जानकारी देती हुई।

कहा गया। इसके साथ ही मौके पर ही संबंधित मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया। ड्रग कंट्रोल अधिकारी द्वारा बताया गया कि पंजाब सरकार द्वारा युद्ध नशा विरोधी अभियान के तहत नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत नशीली और नियंत्रित दवाओं की अवैध बिक्री के खिलाफ ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेंगी और दोषियों के खिलाफ बनती कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

फरीदकोट से अकाली नेता आवला को बधाई देने के लिए उनके निवास स्थान पर पहुंचे

- बोले अकाली दल नेता आवला के परिवार में शामिल होने से पार्टी की स्थिती मजबूत हुई

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): कुछ दिन पहले कांग्रेस को अलविदा कहकर शिरोमणि अकाली दल में शामिल हुए सीनियर कांग्रेसी नेता एवं पूर्व विधायक रमिन्द्र आवला के निवास स्थान पर फरीदकोट से विभिन्न नेता विशेष तौर पर पहुंचे। मालूम हो कि इस दौरान रमिन्द्र आवला के निवास स्थान पर पहुंचे अकाली नेताओं ने उन्हें सिरोपा देकर सम्मानित किया। इस मौके पर हलका फरीदकोट से गांव अहल, काऊनी, दीप सिंह वाला, मराड़, बीले



रमिन्द्र आवला पूर्व विधायक के निवास स्थान पर पहुंचे अकाली दल बादल के नेता उन्हें सम्मानित करते हुए।

वाला, वीरके, किंगरा, पिंडी बलोचा, झोटी वाला आदि से शिअद नेता कुलविन्द्र सिंह अहल जिला परिषद् मैंबर एवं पीएसी मैंबर पंजाब, पीएसी मैंबर फरीदकोट परमजीत सिंह झोटी वाला, गुरप्रीत सिंह मैंबर, जगदेव सिंह, शाम लाल ब्लाक समीति, जसविन्द्र सिंह नंबरदार व अन्य नेता मौजूद थे, जिन्होंने कहा कि रमिन्द्र आवला के अकाली दल बादल में शामिल होने से पार्टी को मजबूती मिली है और आने वाले समय में पंजाब में अकाली दल बादल की सरकार बनना तय है। इस मौके पर पूर्व विधायक रमिन्द्र आवला ने सभी शिअद नेताओं का उन्हें दिए सम्मान के लिए अभार व्यक्त किया।

किसान मंडियों में 17 प्रतिशत से कम नमी वाला सूखा धान ही लाएं: उपायुक्त

डेली आवाज भारती

अमृतसर, के.एस.बेदी उपायुक्त अमृतसर ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे फसल पूरी तरह पकने के बाद ही धान की कटाई करें और मंडियों में 17 प्रतिशत से कम नमी वाला सूखा धान ही लेकर आएं, ताकि फसल की निर्बाध खरीद सुनिश्चित की जा सके। उपायुक्त ने बताया कि भारत सरकार द्वारा धान की खरीद के लिए नमी की अधिकतम सीमा 17 प्रतिशत निर्धारित की गई है। इससे अधिक नमी होने की स्थिति में किसानों को अपनी फसल बेचते समय कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे निर्धारित मानकों के अनुसार ही धान मंडियों में लाएं, ताकि उनकी फसल की खरीद सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा चालू वर्ष के लिए धान का न्यूनतम



समर्थन मूल्य 2,461 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा सूखा एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप धान मंडियों में लाने से खरीद प्रक्रिया सुचारू बनाने के साथ-साथ उन्हें अपनी उपज का निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य प्राप्त करने में भी सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही उपायुक्त ने सभी कंबाइन ऑपरेटरों को निर्देश दिए कि धान की कटाई सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक ही की जाए। उन्होंने कहा कि सभी कंबाइन ऑपरेटर निर्धारित समय का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें।

विधायक डॉ अजय गुप्ता ने कुष्ठ आश्रम में नई स्ट्रीट लाइट शुरू करवाई

अमृतसर/केएस बेदी। केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ अजय गुप्ता ने गत रात्रि झब्बाल रोड पर स्थित कुष्ठ आश्रम में नई एलईडी स्ट्रीट लाइट शुरू करवाई गई। विधायक डॉ गुप्ता ने कहा कि कुष्ठ आश्रम प्रबंधको के अनुसार आश्रम में और भी स्ट्रीट लाइट लगवा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आश्रम के प्रबंधकों से वह लगातार संपर्क में है। आश्रम को आ रही सभी तरह की समस्याएं हल करवाई जाती हैं। उन्होंने कहा कि जिसमें पीने का पानी और सीवरेज समस्या का हल करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में आश्रम को आने वाली हर तरह की समस्या ठीक करवा दी जाएगी। विधायक डॉ गुप्ता ने कहा कि हल्के की प्रत्येक वार्ड में नई स्ट्रीट लाइट लगवाई जा रही है। दिवाली से पहले हल्के में कहीं भी स्ट्रीट लाइट की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन लोगों के बीच जाकर उनकी सहुलत के अनुसार ही विकास कार्य शुरू करवा दिए जाते हैं।

पीएचसी बूथगढ़ के अधीन स्वास्थ्य संस्थानों में चलाया सफाई अभियान

डेली आवाज भारती

माजरी,संदीप अकालगढ़िया : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) बूथगढ़ के अधीन आने वाली विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में आज सफाई अभियान चलाया गया। यह अभियान एसएमओ डॉ. अलकजोत कौर के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना है। अभियान के दौरान स्वास्थ्य संस्थानों के कर्मचारियों ने स्वास्थ्य केंद्रों के अंदरूनी और बाहरी क्षेत्रों की सफाई की। इसके साथ ही मरीजों के बैठने वाले स्थानों, कार्यालयों, आंगनों और आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखने पर विशेष ध्यान दिया गया। कचरे के उचित निपटारे और सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए भी प्रयास





किए गए। इस अवसर पर एसएमओ डॉ. अलकजोत कौर ने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों में साफ-सफाई बनाए रखना स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है। स्वच्छ वातावरण मरीजों और स्वास्थ्य कर्मचारियों को बेहतर माहौल प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि सफाई को केवल एक दिन की गतिविधि तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि इसे अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना जरूरी है। उन्होंने स्वास्थ्य संस्थानों के सभी कर्मचारियों को अपने कार्यक्षेत्रों में नियमित रूप से सफाई सुनिश्चित करने और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. अलकजोत कौर ने आम जनता से भी अपील की कि वे अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखें तथा सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न फेंकें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसमें प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी जरूरी है।

गुरुहरसहाय पुलिस ने सूचना पर खेतों में से ड्रोन से फैंकी गई 6 किलो हेरोइन बरामद की

- अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज कर पुलिस कर रही जांच

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने एसएसपी फिरोजपुर के दिशा निर्देशानुसार नशा तस्करों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन सूचना के अधार पर खेतों में पड़े गट्टे की तलाशी लेने पर उसमें से करोड़ों रुपए की कीमत की 6 किलो हेरोइन बरामद की है। पुलिस के अनुसार उक्त हेरोइन अज्ञात तस्करों के जरिए ड्रोन के माध्यम से खेतों में फैंकी गई है, जिसकी डिलीवरी आगे होने से पहले ही पुलिस ने उसे बरामद कर लिया है। उक्त मामलें में पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के इंस्पैक्टर जतिन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस को बीते दिन अमनदीप कुमार पुत्र मिलख राज वासी बहादरके ने बताया कि वह अपने खेतों में धान की फसल काट चुका है, लेकिन पोल्ट्री फार्म के पास कुछ धान के पौधें खड़े है, जिसमें उसे एक पिले रंग का गट्ठा दिखाई दिया है, जिसमें की कोई नशाला पदार्थ हो सकता है। इंस्पैक्टर जतिन्द्र सिंह ने बताया कि उक्त सूचना के पश्चात उन्होंने मौके पर साथी कर्मचारियों व अमनदीप कुमार के साथ पहुंचकर खेतों में से गट्ठा बरामद करके उसमें से टेप लिपटे हुए पैकेट बरामद किए है।

जीरा पुलिस ने शक के अधार पर गिरफ्तार व्यक्ति से बरामद की 4 ग्राम हेरोइन

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर 1 व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके कब्जेसे हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने उक्त मामले में गिरफ्तार किए व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना जीरा के एएसआई गगनप्रीत सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर परमिन्द्र सिंह उर्फ सुखा पुत्र सतनाम सिंह वासी पंडोरी खत्रीयां को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से तलाशी के दौरान 4 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामले की जांच कर रहे गगनप्रीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें मे परमिन्द्र सिंह पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

रेल जन संवाद के माध्यम से यात्रियों से सीधा संवाद कर उन्हें किया गया जागरुक



डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर मंडल के अमृतसर, जालंधर सिटी, जालंधर कैंट, लुधियाना, फिरोजपुर कैंट, ब्यास, फगवाड़ा, ढंडारी कलां तथा फिल्लौर रेलवे स्टेशनों पर 'रेल जन संवाद' का मंगलवार को आयोजन किया गया। इस संवाद के दौरान यात्रियों को स्टेशन की स्वच्छता बढ़ाने, सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने, यात्री सुविधाओं में सुधार लाने तथा यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं अधिक आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए रेलवे द्वारा किए जा रहे विभिन्न प्रयासों की जानकारी दी गई। यात्रियों को स्टेशन की स्वच्छता एवं अन्य सुविधाओं से संबंधित अपनी प्रतिक्रियाएं और सुझाव साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। यात्रियों से स्वच्छता एवं स्टेशन सुविधाओं को लेकर सुझाव और फीडबैक भी लिया गया। इसके साथ ही स्टेशन को स्वच्छ रखने में यात्रियों की भागीदारी और सहयोग का आह्वान किया गया।

page 4_Layout 1 27-10-2026 22:02 Page 1

खालसा कॉलेज गवर्निंग काउंसिल ने श्रद्धापूर्वक मनाया श्री गुरु रामदास जी का प्रकाश पर्व

गुरु साहिब की शिक्षाएं मानवता को सही मार्ग पर चलने और भाईचारा मजबूत करने की प्रेरणा देती हैं : छीना

डेली आवाज भारती

अमृतसर/केएस बेदी। खालसा कॉलेज गवर्निंग काउंसिल की ओर से मंगलवार को सिखों के चौथे गुरु श्री गुरु रामदास जी का प्रकाश पर्व कॉलेज परिसर स्थित गुरुद्वारा साहिब में बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर खालसा यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर एवं काउंसिल के ऑनरेरी सचिव राजिंदर मोहन सिंह छीना ने गुरु चरणों में हाजिरी लगाई। उन्होंने गुरु साहिब के जीवन, शिक्षाओं, सेवा, सिमरन और मानवता के प्रति उनके महान योगदान को याद करते हुए सरबत के भले की अरदास की। प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा साहिब में रखे गए श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के उपरांत खालसा कॉलेज के विद्यार्थियों ने गुरबाणी कीर्तन कर संगत को निहाल किया। इस पावन अवसर पर विद्यार्थियों ने %धन-धन रामदास गुर जिनि सिरिआ तिनै सवारिआ% और %लख खुशियां पातशाहियां जे सतिगुर नदरि करे% जैसे शबदों का गायन कर पूरे वातावरण को गुरबाणी के रंग में रंग दिया। इस अवसर पर छीना ने संगत से श्री गुरु रामदास जी के जीवन और दर्शन से प्रेरणा लेने की अपील करते हुए कहा कि गुरु साहिब ने सिख जगत को विनम्रता, सेवा, सहनशीलता, आपसी प्रेम और समानता का संदेश



दिया। उनकी शिक्षाएं आज भी मानवता को सही मार्ग पर चलने और समाज में आपसी भाईचारे को मजबूत करने के लिए प्रेरित करती हैं। छीना ने कहा कि श्री गुरु रामदास जी का जीवन निस्वार्थ सेवा और लोक कल्याण की महान मिसाल है। गुरु साहिब ने अपने जीवन के माध्यम से यह शिक्षा दी कि मनुष्य की वास्तविक महानता उसके पद या धन-दौलत में नहीं, बल्कि उसके विनम्र स्वभाव, अच्छे कर्मों और दूसरों के प्रति सेवा भावना में निहित है। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाकर ही एक आदर्श समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु रामदास जी द्वारा बसाए गए श्री अमृतसर साहिब का विश्वभर के सिखों और अन्य धर्मों के लोगों के लिए विशेष आध्यात्मिक महत्व है। यह पवित्र धरती आपसी सद्भाव, सेवा, सिमरन और मानव एकता का प्रतीक है। इस अवसर पर छीना ने खालसा यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. महल सिंह और खालसा कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. आत्म सिंह रंधावा के साथ मिलकर कीर्तन करने वाले विद्यार्थियों को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया। इसके उपरांत खालसा यूनिवर्सिटी के धर्म अध्ययन विभाग के डीन एवं प्रमुख डॉ. इंद्रजीत सिंह गग्गोआणी ने उपस्थित संगत को श्री गुरु रामदास जी के जीवन और शिक्षाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा गुरु साहिब के महान उपदेशों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. खुशविंदर कुमार, अकादमिक मामलों की डीन डॉ. सुरिंदर कौर, परीक्षा नियंत्रक डॉ. कंवलजीत सिंह, स्कूल ऑफ लॉ के डीन डॉ. जसपाल सिंह, काउंसिल के संयुक्त सचिव अजमेर सिंह हेर, लखविंदर सिंह ढिल्लों, गुरप्रीत सिंह गिल, सदस्य सरबजीत सिंह होशियार नगर, टी.पी.एस. संधू, खालसा कॉलेज चविंडा देवी के प्रिंसिपल प्रो. गुरदेव सिंह, खालसा कॉलेज पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल अमरजीत सिंह गिल, खालसा कॉलेज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल शरणजीत सिंह, खालसा कॉलेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल रंजीत एवेन्यू की प्रिंसिपल श्रीमती निर्मलजीत कौर गिल, खालसा कॉलेज पब्लिक स्कूल हेर की प्रिंसिपल गुरिंदरजीत कौर कंबोज, खालसा कॉलेज पब्लिक स्कूल (घुग), जालंधर के प्रिंसिपल परमजीत सिंह, खालसा कॉलेज गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती जतिंदर कौर सहित कॉलेज स्टाफ, छात्र एवं छात्राएं भी उपस्थित थे।

नशा, गैंगस्टरवाद और बढ़ती गुंडागर्दी को खत्म करने के लिए भाजपा प्रतिबद्धः हिमांशु शर्मा



डेली आवाज भारती

जालंधर। भाजपा के नवनियुक्त जिला सचिव हिमांशु शर्मा ने कहा कि वर्ष 2027 में पंजाब में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनना तय है। उन्होंने कहा कि पंजाब की मौजूदा स्थिति को देखते हुए राज्य में बदलाव की जरूरत है और भाजपा प्रदेश को नशामुक्त, सुरक्षित एवं विकसित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

हिमांशु शर्मा ने कहा कि पंजाब में नशे की समस्या गंभीर रूप धारण कर चुकी है। नशा घर-घर तक पहुंचने के कारण प्रदेश का युवा वर्ग इससे बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। युवाओं को नशे से बचाकर सही दिशा देना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा कि भाजपा नशे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने और युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए काम करने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने प्रदेश में बढ़ती गैंगस्टर गतिविधियों और गोलीबारी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज छोटी-छोटी बातों पर गोलियां चलने की घटनाएं समाज में डर का माहौल पैदा कर रही हैं। पंजाब के लोगों को सुरक्षित वातावरण देना बेहद जरूरी है। भाजपा का उद्देश्य प्रदेश से नशे और गुंडागर्दी को समाप्त कर कानून-व्यवस्था को मजबूत करना है।

शर्मा ने कहा कि भाजपा की नीतियों और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा, ताकि लोगों को पार्टी की विचारधारा और विकास के विजन से अवगत करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि पंजाब के हर वर्ग के लोगों में मौजूदा सरकार के प्रति नाराजगी देखने को मिल रही है और लोग प्रदेश में विकास, सुरक्षा तथा बेहतर भविष्य चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब की उन्नति, तरक्की और खुशहाली के लिए भाजपा का मजबूत होना आवश्यक है। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी की नीतियों और विकास के एजेंडे को लेकर जनता के बीच जाया जाएगा। हिमांशु शर्मा ने विश्वास जताया कि पंजाब की जनता प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य के लिए भाजपा को समर्थन देगी और राज्य में भाजपा की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

13.23 ग्राम हेरोइन एवं नशा करने वाले सामान के साथ पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार किया

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला फिरोजपुर की पुलिस ने एसएसपी फिरोजपुर भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान बीते दिन विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 13.23 ग्राम हेरोइन और नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलो में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों के खिलाफ थाना सिटी, छावनी फिरोजपुर, थाना ममदोट, थाना कुलगड़ी, थाना मल्लांवाला और थाना घल्लखुर्द में एनडीपीएस एक्ट तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना सिटी फिरोजपुर के एएसआई शर्मा सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान

■ गिरफ्तार लोगों पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट तहत दर्ज किए मामलें

माईकल उर्फ जसवंत पुत्र भिंद्र वासी गांव हबीबके फिरोजपुर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन, थाना छावनी फिरोजपुर के एएसआई भूपिन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान अभिषेक उर्फ अभी पुत्र माईकल वासी 7 नंबर चुंगी गवाल टोली फिरोजपुर छावनी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2 ग्राम हेरोइन, थाना ममदोट के एस.आई अमरिन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान नशा करते हुए सारज सिंह पुत्र हरचंद सिंह वासी भावड़ा आजम शाह ममदोट को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से लाईटर, सिल्वर पन्नी हेरोइन लगी व 10 रुपए का नोट, थाना कुलगड़ी के एएसआई जसविन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान लवप्रीत सिंह उर्फ लाभ पुत्र निर्मल सिंह वासी गोले वाला जिला फरीदकोट को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2 ग्राम हेरोइन, थाना घल्लखुर्द के एएसआई रणजीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान किक्कर सिंह पुत्र सूरत सिंह वासी रत्ता खेड़ा बाजा कोतवाल को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2.23 ग्राम हेरोइन, लाईटर, सिल्वर पन्नी व एक काकज फोल्ड किया और थाना मल्लांवाला के एएसआई गुरदीप सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान कर्मजीत सिंह पुत्र अंग्रेज सिंह वासी हामद वाला उताड़ को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4 ग्राम हेरोइन बरामद की है।

मोहनके उताड़ में दो मोटरसाईकिलों की हुई टक्कर में पति-पत्नी हुए जख्मी

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने बीते दिन मोहनके उताड़ के नजदीक मोटरसाईकिलों के बीच हुई टक्कर में जख्मी हुए पति-पत्नी के मामलें में शिकायतकर्ता के बयान पर दोषी व्यक्ति के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के एएसआई सुखचैन सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता गुरप्रीत सिंह पुत्र गुरदित्त सिंह वासी जगत सिंह वाला श्री मुक्तसर साहिब ने बताया कि बीते दिन जब वह अपनी पत्नी कर्मजीत कौर के साथ मोटरसाईकिल पर सवार होकर अपने गांव से टिल्लु अराई जा रहा था तो रास्ते में गांव मोहनके उताड़ के नजदीक दोषी नरिन्द्र सिंह पुत्र फुल चंद वासी रेलवे बस्ती गुरुहरसहाय ने उसे लापरवाही के साथ अपने मोटरसाईकिल से टक्कर मार दी। जिससे उसकी पत्नी को मामूली चोटें लगी और पीड़ित बुरी तरह से जख्मी हो गया था। मामले की जांच कर रहे सुखचैन सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में गुरप्रीत सिंह के बयान पर नरिन्द्र सिंह पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों ने गांव रणीके में 144 लाभार्थियों को वितरित किए प्रॉपर्टी कार्ड

■ 'मेरा घर, मेरे नाम' योजना के तहत लोगों को घरों का मालिकाना हक दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

डेली आवाज भारती



धूरी, मोहिंदर सिंह,। पंजाब लघु उद्योग एवं निर्यात निगम के चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों ने गांव रणीके में 'मेरा घर, मेरे नाम' योजना के तहत 144 लाभार्थियों को प्रॉपर्टी कार्ड वितरित किए। इस पहल का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को उनके घरों का मालिकाना हक प्रदान करना और उन्हें संपत्ति से संबंधित दस्तावेजी सुरक्षा उपलब्ध करवाना है।

इस अवसर पर चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि घर प्रत्येक परिवार की बुनियादी जरूरत है और अपने घर का मालिकाना हक लोगों को सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी कार्ड मिलने से लाभार्थियों को अपने घरों से संबंधित मालिकाना अधिकारों को दस्तावेजी रूप से सुरक्षित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार लोगों के कल्याण और उन्हें उनके जायज अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। 'मेरा घर, मेरे नाम' योजना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से लोगों को उनके घरों का मालिकाना हक प्रदान करने के लिए कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य हरजिंदर सिंह कांझला, सरपंच गुरसेवक सिंह कुंबड़वाल, गुरप्रीत सिंह, ब्लॉक प्रधान सुरजीत सिंह, सरपंच अमनदीप सिंह रणीके तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

किसान मंडियों में सूखा धान ही लेकर आएं : डिप्टी कमिश्नर पूनमदीप कौर

■ जिले में अब तक 2,99,892 मीट्रिक टन धान की खरीद; किसानों को 582.40 करोड़ रुपये का भुगतान

डेली आवाज भारती

संगरूर, मोहिंदर सिंह। डिप्टी कमिश्नर पूनमदीप कौर ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे अपनी फसल की निर्बाध खरीद सुनिश्चित करने के लिए मंडियों में सूखा धान ही लेकर आएं, ताकि किसानों को फसल बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि निर्धारित नमी मानकों के अनुसार धान मंडियों में लाने से खरीद प्रक्रिया



को सुचारू ढंग से पूरा करने में मदद मिलती है। उन्होंने किसानों से जल्दबाजी में अधिक नमी वाला धान मंडियों में लाने से परहेज करने और मंडी कर्मचारियों तथा खरीद एजेंसियों के साथ सहयोग करने की अपील की। जिले में चल रही खरीद प्रक्रिया की जानकारी साझा करते हुए पूनमदीप कौर ने बताया कि मंडियों में अब तक कुल 3,13,814 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है, जिसमें से 2,99,892 मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है। उन्होंने आगे बताया कि खरीदी गई फसल के बदले किसानों को अब तक कुल 582.40 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर भुगतान करना और मंडियों से खरीदे गए धान का उठान सुनिश्चित करना खरीद प्रक्रिया के महत्वपूर्ण हिस्से हैं। धान के उठान संबंधी जानकारी देते हुए डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि अब तक कुल 1,38,087.35 मीट्रिक टन धान का उठान किया जा चुका है। पूनमदीप कौर ने किसानों से एक बार फिर अपील की कि वे मंडियों में सूखा धान ही लेकर आएं, ताकि खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी रह सके।

पंजाबः गोलीबारी की घटना पर स्पीकर संधवां बोले-आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा सत्र के आखिरी दिन मंगलवार को स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने पत्रकारों से आम आदमी पार्टी की सरकार के काम के बारे में बातचीत की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कुलतार सिंह संधवां ने कहा, ÷पंजाब सरकार ने स्पेशल सड़क सुरक्षा फोर्स (एसएसएफ) का गठन कर दिया। इससे हर महीने हम लोग हजारों जानें बचा रहे हैं। हम लोगों की ओर से बहुत से रिमार्केबल काम किए हैं।÷ उन्होंने कहा, ÷शहरों में बसने वाले गरीब लोगों को कोई सहूलियत नहीं थी। पहली बार शहरों में बसे लोग, चाहे किसी भी जाति के हों, उन्हें ये समझ आ रहा है कि किसी ने तो हमारा हाथ पकड़ा। भगवंत मान ने



बिजली का बिल माफ कर दिया, यह बड़ी बात है। गोलीबारी की बढ़ती घटनाओं पर कुलतार सिंह संधवां ने कहा, ÷जिनका नुकसान हुआ है उन परिवारों के साथ मेरी हमदर्दी है। घटना करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पहले की सरकार में घटनाएं होती थी तो आरोपी पकड़े नहीं जाते थे लेकिन अब कोई अपराध करके भाग नहीं सकता। वहीं, विधानसभा में कांग्रेस विधायकों को रोके जाने के पर हंगामा हो गया।

जीएनडीयू कॉलेज में करियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित

डेली आवाज भारती

जालंधर। गुरु नानक देव विश्वविद्यालय कॉलेज, लाडोवाली रोड, जालंधर में विमानन, आतिथ्य, यात्रा एवं ग्राहक सेवा के क्षेत्रों में करियर की संभावनाओं से संबंधित एक करियर मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम कॉलेज के ओएसडी प्रो. (डॉ.) नवजोत के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग जगत से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना तथा पारंपरिक शैक्षणिक विकल्पों से आगे बढ़कर करियर के विभिन्न अवसरों से परिचित करवाना था।

इस सत्र का संचालन फ्रैंकफिन इंस्टीट्यूट ऑफ एयर होस्टेस ट्रेनिंग, जालंधर की सहायक केंद्र संचालन प्रबंधक सुश्री बेशा जगवाल ने किया। उनके साथ विमानन प्रशिक्षक सुश्री रित्विका सेठ, अंग्रेज़ी संचार प्रशिक्षक सुश्री साक्षी गौतम तथा अन्य संकाय सदस्य और प्रशिक्षक भी उपस्थित रहे।

सत्र के दौरान विद्यार्थियों को विमानन, आतिथ्य, यात्रा एवं ग्राहक सेवा के क्षेत्रों में उपलब्ध करियर अवसरों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने व्यावसायिक सफलता के लिए प्रभावी संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास, अनुशासन, पारस्परिक कौशल तथा सकारात्मक दृष्टिकोण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने आधुनिक कार्यस्थल की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निरंतर कौशल विकास और व्यक्तित्व निर्माण की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इस संवादात्मक सत्र ने विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को पहचानने, रोजगार प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने तथा नए व्यावसायिक अवसरों का पता लगाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों को उद्योग जगत की अपेक्षाओं और सेवा-आधारित क्षेत्रों में सफल करियर बनाने के लिए आवश्यक योग्यताओं की व्यावहारिक जानकारी भी प्राप्त हुई। इस सत्र का आयोजन वाणिज्य विभाग की प्रमुख डॉ. सोनिया कुंद्रा के नेतृत्व में किया गया। यह पहल शैक्षणिक ज्ञान और व्यावसायिक आवश्यकताओं के बीच की दूरी को कम करने के लिए वाणिज्य विभाग द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों को दर्शाती है। कॉलेज की ओर से फ्रैंकफिन इंस्टीट्यूट ऑफ एयर होस्टेस ट्रेनिंग के प्रतिनिधियों, विशेषज्ञों, संकाय सदस्यों तथा विद्यार्थियों के प्रति उनके बहुमूल्य योगदान और उत्साहपूर्ण सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया गया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश-कम-चेयरमैन, जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी द्वारा 'सुरक्षित बचपन अभियान' की शुरुआत

जनरल गुरनाम सिंह पब्लिक स्कूल, संगरूर में आयोजित किया गया सेमिनार

डेली आवाज भारती

संगरूर, मोहिंदर सिंह, कार्यकारी चेयरमैन, पंजाब राज्य कानूनी सेवाएं अथॉरिटी, एस.ए.एस. नगर, जस्टिस श्री दीपक सिब्बल के नेतृत्व और राष्ट्रीय कानूनी सेवाएं अथॉरिटी के दिशा-निर्देशों के अनुसार, बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम (पोक्सो एक्ट), 2012 के बारे में जागरूक करने के लिए देशव्यापी स्कूल जागरूकता अभियान ÷सुरक्षित बचपन अभियान÷ के पहले चरण की शुरुआत आज जिला संगरूर में जनरल गुरनाम सिंह पब्लिक स्कूल, संगरूर में जागरूकता सत्र आयोजित करके की गई। इस जागरूकता सत्र का नेतृत्व श्री मुनीश सिंगल, जिला एवं सत्र न्यायाधीश-कम-चेयरमैन, जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी, संगरूर ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ सीधा संवाद भी किया और उन्हें इस अभियान के नेक उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी, संगरूर के सचिव-कम-सिविल जज (सीनियर डिवीजन) श्री



आशीष ठठई, सी.जे.एम. मिस मनप्रीत कौर और स्कूल के प्रिंसिपल श्री दिनेश देव थपलियाल उपस्थित थे। श्री आशीष ठठई ने बच्चों को पोक्सो एक्ट, 2012 के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बच्चों को उनके अधिकारों और कानून के बारे में सरल भाषा में समझाया तथा बताया कि किसी भी मुश्किल या गलत व्यवहार का सामना करने पर उन्हें अपने भरोसेमंद बड़ों, शिक्षकों या माता-पिता से खुलकर बात करनी चाहिए। एडवोकेट श्री आशी गोयल और साइबर सेल/साइबर पुलिस स्टेशन के साइबर विशेषज्ञ श्री योगेश कुमार ने बच्चों को साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। इस अभियान के तहत जिला संगरूर के स्कूलों में 27 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2026 तक जागरूकता सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इन सत्रों में न्यायिक अधिकारी, पैनल एडवोकेट, पैरा लीगल वॉलंटियर, बाल कल्याण समिति और जिला बाल सुरक्षा इकाई के सदस्य, साइबर विशेषज्ञ तथा कानून के विद्यार्थी बच्चों को बाल अधिकारों, बाल सुरक्षा, पोक्सो एक्ट और उपलब्ध कानूनी उपायों के बारे में जानकारी देंगे। इसके अलावा, ऑनलाइन सुरक्षा, बाल विवाह तथा बच्चों के शोषण और दुर्व्यवहार के अन्य रूपों के बारे में भी जागरूक किया जाएगा। इन जागरूकता सत्रों के माध्यम से बच्चों को बाल हेल्पलाइन 1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 और मुफ्त कानूनी सहायता हेल्पलाइन 15100 के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी, संगरूर ने सभी माता-पिता, शिक्षकों और आम लोगों से अपील की है कि वे बच्चों का बचपन सुरक्षित बनाने के लिए इस अभियान में पूरा सहयोग दें।

दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए केमिस्ट नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें : डीएसपी डॉ. रुपिंदर कौर बाजवा

■ दिड़बा और आसपास के गांवों के केमिस्टों के साथ बैठक; दवाओं की खरीद-बिक्री का नियमानुसार रिकॉर्ड रखने के निर्देश

डेली आवाज भारती

दिड़बा, मोहिंदर सिंह, दवाओं के दुरुपयोग को रोकने और उनकी बिक्री से संबंधित नियमों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डीएसपी दिड़बा डॉ. रुपिंदर कौर बाजवा के नेतृत्व में दिड़बा और आसपास के गांवों के केमिस्टों के साथ एक विशेष बैठक की गई। बैठक में ड्रग इंस्पेक्टर संतोष जिंदल और एसएचओ दिड़बा दविंदर सिंह भी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. रुपिंदर



कौर बाजवा ने कहा कि दवा विक्रेता अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए सरकार द्वारा जारी निर्देशों तथा दवाओं की बिक्री से संबंधित लागू कानूनों और नियमों का सख्ती से पालन करें। उन्होंने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा और दवाओं के दुरुपयोग को रोकने में केमिस्टों की अहम भूमिका है। इसलिए दवाएं बेचते समय पूरी सावधानी बरती जानी चाहिए। डीएसपी बाजवा ने निर्देश दिए कि जिन दवाओं की बिक्री के लिए डॉक्टर की पर्ची अनिवार्य है, उन्हें योग्य डॉक्टर की पर्ची के बिना न बेचा जाए। विशेष रूप से ऐसी दवाओं की बिक्री के दौरान नियमों का पूरी तरह पालन किया जाए, जिनका नशे के रूप में दुरुपयोग होने की आशंका रहती है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को नियमों के विपरीत ऐसी दवाएं उपलब्ध न करवाई जाएं। उन्होंने केमिस्टों को दवाओं की खरीद-बिक्री का आवश्यक रिकॉर्ड नियमानुसार दर्ज करने और संबंधित बिल संभालकर रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी निर्देशों और लागू नियमों का उल्लंघन सामने आने पर संबंधित विक्रेता के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर ड्रग इंस्पेक्टर संतोष जिंदल ने दवा विक्रेताओं को दवाओं की बिक्री और रिकॉर्ड के रखरखाव से संबंधित निर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दुकानों में उपलब्ध दवाओं की खरीद के बिल मौजूद होने चाहिए। जिन दवाओं की बिक्री का रिकॉर्ड रखना नियमों के तहत अनिवार्य है, उनका विवरण संबंधित रजिस्टर में दर्ज किया जाना चाहिए। उन्होंने डॉक्टर की पर्ची के आधार पर बेची जाने वाली दवाओं की बिक्री के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। केमिस्ट एसोसिएशन के प्रधान डॉ. सतीश कुमार ने भरोसा दिलाया कि एसोसिएशन सरकार और संबंधित विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

CMYK

page 5_Layout 1 27-10-2026 21:56 Page 1

अमृतसर में 'आप' सरपंच के बेटे की गोली मारकर हत्या, गुरुद्वारे से लौटते समय बरसाईं गोलियां

- तीरथ सिंह गुरुद्वारे में माथा टेककर अपने दोस्त के साथ लौट रहा था
- पुलिस के अनुसार, हमलावरों ने करीब 7 से 8 राउंड गोलियां चलाईं

अमृतसर के चाटीविंड थाना क्षेत्र के गांव चीते कलां में हुई वारदात

डेली आवाज भारती



अमृतसर। पंजाब के अमृतसर में सोमवार रात आम आदमी पार्टी (आप) के मौजूदा सरपंच के बेटे तीरथ सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि तीरथ सिंह गुरुद्वारे में माथा टेककर अपने दोस्त के साथ वापस लौट रहा था। इसी दौरान गुरुद्वारे के बाहर पहले से मौजूद हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। मौके पर मौजूद लोग दोनों घायलों को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने तीरथ सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल रंजीत सिंह की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, यह वारदात अमृतसर के चाटीविंड थाना क्षेत्र के गांव चीते कलां में हुई। पुलिस के अनुसार, हमलावरों ने करीब 7 से 8 राउंड गोलियां चलाईं। मृतक के भाई कारज सिंह, जो ब्लॉक समिति के सदस्य हैं, ने पुरानी रंजिश के चलते हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। शिकायत पर पुलिस ने गुरदित्त सिंह, गुरजंत सिंह, हरकीरत सिंह उर्फ हॉकी और गोरा के खिलाफ स्नढ्रक दर्ज की है। फिलहाल, चारों आरोपी फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और वारदात के पीछे के सही कारणों का पता लगाया जा रहा है।

घटना के बाद सियासत भी तेज

इस हत्याकांड के बाद राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू हो गई है। भाजपा नेता रवनीत सिंह बिट्टू ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर पंजाब की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि जब सत्ताधारी पार्टी के प्रतिनिधियों के परिवार सुरक्षित नहीं हैं, तो आम लोगों की सुरक्षा कैसे होगी। बिट्टू ने मुख्यमंत्री भगवंत मान से इस्तीफे की मांग की। फिलहाल, पुलिस जांच में जुटी है और आरोपियों की गिरफ्तारी का इंतजार है।

टल्ली की बोतल लेकर विधानसभा के बाहर पहुंचे रवनीत बिट्टू, सीएम भगवंत मान पर साधा निशाना

- पंजाब में नशे की बिक्री रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए जा रहे
- पहले सीएम आवास की ओर गए, लेकिन जाने की अनुमति नहीं मिली
- नशे को लेकर लगाए ये आरोप बिट्टू के राजनीतिक बयान का हिस्सा

राज्य में नशे की समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी सरकार को घेरा

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू टल्ली की बोतल लेकर विधानसभा के बाहर पहुंचे। यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने बोतल दिखाकर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर तंज कसा और राज्य में नशे की समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी सरकार को घेरा। बिट्टू ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि पंजाब में नशे की बिक्री रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।रवनीत सिंह बिट्टू ने बताया कि पहले वह मुख्यमंत्री आवास की ओर गए थे, लेकिन उन्हें वहां जाने की अनुमति नहीं मिली। पत्रकारों से बातचीत के दौरान बिट्टू ने बोतल दिखाते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि इस बोतल के जरिए वह मुख्यमंत्री की पसंद और सरकार के कामकाज पर सवाल उठा रहे हैं। बिट्टू ने यह भी कहा कि इस मामले से जुड़ी अन्य चीजें भी वह एक-एक करके जनता के सामने लाएंगे। उन्होंने एयरपोर्ट पर बोतल को लेकर हुए विवाद का भी जिक्र किया और कहा कि उस मामले में काफी हंगामा हुआ था। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि पंजाब सरकार पिछले पांच सालों के दौरान राज्य के वास्तविक मुद्दों को हल करने में नाकाम रही है। उन्होंने नशे की समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए और कहा कि राज्य में नशे की बिक्री पर रोक लगाने के लिए पर्याप्त कार्रवाई नहीं हो रही है। इसके बाद वह बोतल लेकर विधानसभा के बाहर पहुंचे और मीडिया के सामने अपनी बात रखी।

मेडिकल नशे की बिक्री पर भी सवाल

रवनीत सिंह बिट्टू ने मेडिकल नशे की बिक्री का मुद्दा उठाते हुए सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने सवाल किया कि अगर सरकार के पास नशे के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करने के अधिकार हैं, तो इस समस्या को रोकने के लिए ठोस कदम क्यों नहीं उठाए जा रहे हैं। हालांकि, नशे को लेकर लगाए गए ये आरोप बिट्टू के राजनीतिक बयान का हिस्सा हैं।

सुरिंदर सिंह सिल्वर क्रीक-1 वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष बने

ज़ीरकपुरःतरनप्रीत सिंह गिल : ज़ीरकपुर की पुरानी कालका सड़क पर स्थित सिल्वर क्रीक-1 सोसाइटी की वेलफेयर एसोसिएशन का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। इस चुनाव के दौरान सोसाइटी के निवासियों द्वारा सर्वसम्मति से सुरिंदर सिंह को एसोसिएशन का नया अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा कृष्ण लाल शर्मा को सचिव, सुरिंदर प्रसाद को कैशियर और श्री कंगा को ऑडिटर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। चुनाव के बाद सोसाइटी निवासियों ने नई चुनी गई टीम का भव्य स्वागत किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरिंदर सिंह ने सोसाइटी निवासियों का धन्यवाद करते हुए विश्वास दिलाया कि वह और उनकी पूरी टीम सोसाइटी की समस्याओं के समाधान और निवासियों की सेवा में दिन-रात तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि सोसाइटी के विकास और कल्याण के लिए पूरी ईमानदारी, निष्ठा और लगन से काम किया जाएगा।

पंजाब में 28 से 30 अक्टूबर तक बारिश के आसार, आंधी-बिजली को लेकर यलो अलर्ट जारी

30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका

- पंजाब और चंडीगढ़ में दिन के समय धूप से गर्मी, जबकि सुबह व रात के तापमान में गिरावट

डेली आवाज भारती



पंजाब में मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है। आज राज्य में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है, लेकिन 29 व 30 अक्टूबर के बीच कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, 29 और 30 अक्टूबर को गरज-चमक के साथ बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका है। इसे देखते हुए यलो अलर्ट जारी किया गया है। पंजाब और चंडीगढ़ में इन दिनों दिन के समय धूप के कारण गर्मी महसूस हो रही है, जबकि सुबह और रात के तापमान में गिरावट से ठंडक बढ़ने लगी है। मौसम में इस बदलाव के पीछे पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव बताया जा रहा है। उत्तर हरियाणा के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है, जबकि 28 अक्टूबर की रात से एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर सकता है। इसके असर से पंजाब और आसपास के इलाकों में मौसम बदलने की संभावना है। लोगों को मौसम विभाग की ताजा एडवाइजरी पर नजर रखने की सलाह दी जाती है।

फरीदकोट में अधिकतम तापमान 33 डिग्री दर्ज

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, फरीदकोट में अधिकतम तापमान करीब 33 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, पठानकोट में न्यूनतम तापमान 11.7 डिग्री रहा। चंडीगढ़ में अधिकतम तापमान 31.4 और न्यूनतम 15 डिग्री दर्ज किया गया। अमृतसर में अधिकतम तापमान 28.5 और न्यूनतम 14.9 डिग्री रहा। लुधियाना में अधिकतम तापमान 30.4 और न्यूनतम 15.6 डिग्री, जबकि पटियाला में अधिकतम 31.4 और न्यूनतम 14.7 डिग्री दर्ज किया।

लुधियाना में इंसानियत दिखाना पड़ा भारी! युवक को बचाने वाले परिवार के घर में घुसकर हमला

- राहगीर को बदमाशों की पिटाई से बचाना परिवार को भारी पड़ गया

डेली आवाज भारती



लुधियाना। लुधियाना के गोपाल नगर इलाके में एक राहगीर को बदमाशों की पिटाई से बचाना परिवार को भारी पड़ गया। आरोप है कि 15 से ज्यादा हथियारबंद हमलावरों ने परिवार के घर में घुसकर सदस्यों के साथ मारपीट की। इस दौरान 6 से 7 हजार रुपये लूटने और घर के बाहर खड़ी कार में तोड़फोड़ करने का भी आरोप है। मामले की शिकायत मिलने के बाद हैबोवाल थाना पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों और 10 से 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस अब आरोपियों की पहचान करने के साथ-साथ पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। पीड़ित राजेश शर्मा उर्फ राजू पंडित मल्हार रोड स्थित बसंत आइसक्रीम की ब्रांच में मैनेजर के तौर पर काम करते हैं। पुलिस को दी शिकायत में उन्होंने बताया कि घटना से पहले काली माता मंदिर के पास कुछ लोग एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर रहे थे। इसी दौरान मारपीट कर रहे लोग उनकी गाड़ी के पास पहुंच गए। युवक को पिटता देख राजेश शर्मा गाड़ी से नीचे उतरे और बदमाशों को पीछे धकेलकर उसे बचाने की कोशिश की। इस दौरान पीड़ित युवक उनके पीछे छिप गया और मौका मिलते ही वहां से भाग निकला।

युवक के भागने से गुस्साए हमलावरों ने की गाली-गलौज

शिकायत के मुताबिक, युवक को बचाने से नाराज आरोपियों ने राजेश शर्मा के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। हालांकि, मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया और मामला शांत करा दिया। राहगीर को बचाने के लिए शुरू हुआ विवाद घर में घुसकर मारपीट और लूटपाट तक पहुंच गया।

हाईकोर्ट ने पंजाब के मुख्य सचिव को लगाया जुर्माना, डीए पर सरकार के रवैये पर पूछा सवाल

- पंजाब सरकार के खिलाफ सख्त फैसला लिया है
- पंजाब के मुख्य सचिव को एक लाख का जुर्माना

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने (ष्ठ) बकाया महंगाई भत्ते और एरियर भुगतान को लेकर पंजाब सरकार के खिलाफ सख्त फैसला लिया है। हाईकोर्ट ने आदेशों का पालन न करने और लापरवाही बरतने पर पंजाब के मुख्य सचिव को एक लाख का जुर्माना लगाया है। अदालत के सख्त रुख से स्पष्ट है कि न्यायिक आदेशों के पालन में देरी और निर्धारित प्रक्रिया के प्रति उदासीनता को हल्के में नहीं लिया जा सकता। पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में सरकारी कर्मचारियों के वकील ने तर्क दिया कि सरकार हाईकोर्ट के पुराने आदेशों को लागू करने में देरी कर रही है। जिसके बाद पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने तीखी टिप्पणी करते हुए पूछा कि जब बड़े अधिकारियों को वित्तीय लाभ नहीं रोके गए, तो आम कर्मचारियों के हक को क्यों रोका जा रहा है?

3 नवंबर को होगी अगली सुनवाई

हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वह 3 नवंबर को होने वाली अगली सुनवाई के दौरान व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित रहें। उन्हें जवाब दाखिल कर स्पष्ट करना होगा कि हाईकोर्ट के पिछले आदेशों का पालन करने के लिए अब तक कौन-कौन से कदम उठाए गए हैं। इसके साथ ही, आदेशों को पूरी तरह लागू करने के लिए कितनी समय-सीमा तय की गई है, इसके बारे में भी अदालत को जानकारी देनी होगी।

जालंधर में बुजुर्ग से 7,200 रुपये छीने, झोटा केस का जिक्र कर शीतल अंगुराल ने उठाए सवाल

- हमला कर बुजुर्गों से छीनाझपटी और पुलिस वीआईपी कार्यों में व्यस्त
- लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति पर आप का कोई लीडर नहीं बोल रहा

बुजुर्ग के हाथ पर चोट आई है, ये घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

डेली आवाज भारती



जालंधर/जतिनः जालंधर के बस्ती बावा खेल नहर के पास एक लड़की बुजुर्ग से 7200 रुपए लेकर फरार हो गई। पीड़ित के अनुसार वह बैठा हुआ था। इस दौरान लड़की उसके पास आती है और कहती है कि वह उन्हें पसंद करती है। जिसके बाद वह बुजुर्ग से लिपटने लगी। इस दौरान घटना स्थल पर 2 नौजवान मौके पर आते है और बुजुर्ग से 7200 रुपए छीनकर फरार हो गए। बुजुर्ग के हाथ पर चोट आई है। घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वहीं घटना को लेकर पुलिस को शिकायत दी गई। इलाके के पूर्व विधायक शीतल अंगुराल ने कहा कि बुजुर्गों पर हमला करके उनसे पैसे छीने जा रहे है, लेकिन पुलिस वीआईपी कार्यों में व्यस्त है। आज मंत्री और आप सरकार के विधायक लगातार हो रही वारदातों के खिलाफ क्यों नहीं बोल रहे। वेस्ट हलके में दिन दहाड़े लूट हो रही है। आज के समय में कोई भी व्यक्ति सेफ नहीं है। लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति को लेकर आप का कोई लीडर नहीं बोल रहा।

मेरे साथ झोटे जैसी घटना ना हो जाए

***उन्होंने** आगे कहा कि मुझे डर है कि मेरे साथ भी परविंदर झोटे जैसी घटना ना हो जाए। वह कब तक नशे के खिलाफ मुद्दा उठाते रहेंगे, लेकिन पुलिस इन तस्करों के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं कर रही। आज सारे थाने खाली है। थानों के बाहर लूट हो जाए, स्नेचिंग हो जाए, लेकिन पुलिस वीआईपी लोगों को खुश करने में लगी हुई है।*

जालंधर में आज से हॉकी का महाकुंभ! रात में एलईडी लाइटों ने बदली बर्ल्टन पार्क की तस्वीर

एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के लिए सुरजीत हॉकी स्टेडियम नए रूप में तैयार

- टूर्नामेंट को लेकर करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से स्टेडियम का नवीनीकरण किया गया

डेली आवाज भारती



जालंधर। एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के लिए बर्ल्टन पार्क स्थित ओलंपियन सुरजीत हॉकी स्टेडियम नए रूप में तैयार है। जालंधर के खेल इतिहास में 27 अक्टूबर का दिन खास होने जा रहा है। आज से 'हीरो एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी पंजाब 2026' की शुरुआत होगी। टूर्नामेंट को लेकर शहर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से स्टेडियम का नवीनीकरण किया गया है, जबकि लगभग 77 करोड़ रुपये के स्पोर्ट्स हब प्रोजेक्ट के तहत आसपास के इलाके की भी तस्वीर बदल गई है। स्टेडियम की ओर जाने वाले रास्तों पर दीवारों पर रंग-बिरंगी पेंटिंग्स, आकर्षक स्वागत द्वार और रात के समय स्पष्ठ लाइटों से सजा बर्ल्टन पार्क लोगों का ध्यान खींच रहा है। इन तैयारियों का मकसद टूर्नामेंट के दौरान शहर आने वाले खिलाड़ियों और दर्शकों को बेहतर माहौल देना है। टूर्नामेंट से पहले बर्ल्टन पार्क का नजारा रात के समय और भी आकर्षक दिखाई दिया। सामने आई तस्वीरों में सड़क किनारे लगी स्पष्ठ लाइटों पर भांगड़ा करते लोगों और हॉकी खेलते खिलाड़ियों की आकृतियां नजर आ रही हैं। रोशनी और कलात्मक सजावट ने पूरे इलाके को नया रूप दे दिया है। स्टेडियम और आसपास की सजावट से जालंधर में हॉकी के इस बड़े आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल है। शहर के खेल प्रेमियों को अब अंतरराष्ट्रीय स्तर के मुकाबले अपनी आंखों से देखने का मौका मिलेगा। जानकारी के मुताबिक, 79 साल बाद शहर में पुरुष हॉकी चैंपियनशिप आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान करेंगे। टूर्नामेंट में छह एशियाई टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें भारत के अलावा मलेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, चीन और बांग्लादेश शामिल हैं। सभी टीमें खिताब जीतने के इरादे से मैदान में उतरेंगी। जालंधर में होने वाले शुरुआती मुकाबलों के दौरान दर्शकों को एशिया की प्रमुख हॉकी टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी। घरेलू मैदान पर भारतीय टीम के प्रदर्शन पर भी प्रशंसकों की खास नजर रहेगी।

2 नवंबर तक जालंधर में होंगे पूल मैच, मोहाली में फाइनल

टूर्नामेंट का कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। शुरुआती चरण के सभी पूल मुकाबले 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक जालंधर के सुरजीत हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। इसके बाद 4 नवंबर से मोहाली में क्लासिफिकेशन मुकाबले और सेमीफाइनल आयोजित होंगे। प्रतियोगिता के कांस्य पदक और स्वर्ण पदक यानी फाइनल मुकाबले 5 नवंबर 2026 को मोहाली में खेले जाएंगे। इस तरह जालंधर में टूर्नामेंट की शुरुआत के साथ पंजाब को अंतरराष्ट्रीय हॉकी की मेजबानी का अवसर मिलेगा, जबकि खिताब का फैसला मोहाली में होगा।

जीएनडीयू कॉलेज में करियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित



डेली आवाज भारती

जालंधर। गुरु नानक देव विश्वविद्यालय कॉलेज, लाडोवाली रोड, जालंधर में विमानन, आतिथ्य, यात्रा एवं ग्राहक सेवा के क्षेत्रों में करियर की संभावनाओं से संबंधित एक करियर मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के ओएसडी प्रो. (डॉ.) नवजोत के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग जगत से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना तथा पारंपरिक शैक्षणिक विकल्पों से आगे बढ़कर करियर के विभिन्न अवसरों से परिचित करवाना था। इस सत्र का संचालन फ्रैंकफिन इंस्टीट्यूट ऑफ एयर होस्टेस ट्रेनिंग, जालंधर की सहायक केंद्र संचालन प्रबंधक सुश्री बेशा जगवाल ने किया। उनके साथ विमानन प्रशिक्षक सुश्री रित्विका सेठ, अंग्रेज़ी संचार प्रशिक्षक सुश्री साक्षी गौतम तथा अन्य संकाय सदस्य और प्रशिक्षक भी उपस्थित रहे। सत्र के दौरान विद्यार्थियों को विमानन, आतिथ्य, यात्रा एवं ग्राहक सेवा के क्षेत्रों में उपलब्ध करियर अवसरों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने व्यावसायिक सफलता के लिए प्रभावी संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास, अनुशासन, पारस्परिक कौशल तथा सकारात्मक दृष्टिकोण के महत्व पर प्रकाश डाला।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 27-10-2026 17:12 Page 1

डीपफेक वीडियो पर भड़कीं एक्ट्रेस सुनैना, बोलीं-शेयर करने वाले भी होंगे जिम्मेदार

मुंबई। दक्षिण भारतीय सिनेमा में सक्रिय अभिनेत्री सुनैना ने डीपफेक एआई वीडियो बनाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। अभिनेत्री का कहना है कि जो भी डीपफेक एआई वीडियो शेयर करते हुए पाया गया, तो वह भी इसका जिम्मेदार होगा। दरअसल, हाल ही के दिनों में अभिनेत्री सुनैना के चेहरे का इस्तेमाल करके सोशल मीडिया पर फर्जी एआई डीपफेक वीडियो वायरल हो रहा है। इस मामले के सामने आने के बाद अभिनेत्री ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है और कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक नोट शेयर किया, जिसमें उन्होंने लिखा, ‘‘मुझे पता चला है कि सोशल मीडिया और अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर एक एआई वीडियो सर्कुलेट किया जा रहा है, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करके मेरे चेहरे को अश्लील कंटेंट पर लगाया गया है। यह कंटेंट डिजिटली बनाया या बदला गया है, जिसमें एक व्यक्ति को मेरे जैसा दिखाया गया है।’’ सुनैना ने इसे अपनी गरिमा, निजता और पहचान पर एक बड़ा हमला बताया है। उन्होंने साफ किया कि यह कृत्य यौन उत्पीड़न की श्रेणी में आता है और पूरी तरह से मानहानिकारक है। उन्होंने लिखा, ‘‘मैं इस घटिया और दुर्भावनापूर्ण हरकत से स्तब्ध और बेहद परेशान हूं और मैं इसकी कड़ी से कड़ी निंदा करती हूं। यह मेरी पहचान और गरिमा का घोर उल्लंघन है और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 और भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत यह एक तरह का अपराध है। इस तरह का व्यवहार पूरी तरह से अस्वीकार्य है।’’ अभिनेत्री ने वीडियो बनाने और शेयर करने वालों को चेतावनी देते हुए लिखा, ‘‘मैं बिना किसी और नोटिस के इस कंटेंट को बनाने, पब्लिश करने या फैलाने के लिए जिम्मेदार हर व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक और सिविल कार्रवाई शुरू करूंगी। जो भी इसे आगे शेयर करेगा, उसे भी जिम्मेदार ठहराया जाएगा। मैं अपने शुभचिंतकों, जनता और मीडिया से अनुरोध करती हूं कि वे इस कंटेंट को शेयर न करें और जहां भी यह मिले, उसकी रिपोर्ट करें। मेरे सभी अधिकार और कानूनी उपाय सुरक्षित हैं।’’





तिरुमला के श्रीवारी मंदिर पहुंचीं भूमि पेडनेकर, परिवार के साथ किए भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन

मुंबई। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर फिल्मों के साथ-साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस आंध्र प्रदेश के तिरुमला स्थित प्रसिद्ध श्रीवारी मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने अपने परिवार के साथ भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। इस दौरान भूमि का सादगी भरा अंदाज देखने को मिला। उनकी इस धार्मिक यात्रा की चर्चा हो रही है। भूमि ने मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर और अन्य देवी-देवताओं के दर्शन किए। इस दौरान वह हाथ जोड़कर प्रार्थना करती दिखाई दीं। उनके लुक की बात करें तो उन्होंने खूबसूरत साड़ी पहनी थी, जिसके साथ शॉल कैरी किया था। उन्होंने अपने बाल खुले रखे और हाथों में चूड़ियां पहनी थीं। लाइट मेकअप में उनका लुक काफी सादा नजर आया। उन्होंने मंदिर में दर्शन के दौरान पूरी श्रद्धा के साथ भगवान का आशीर्वाद लिया। बता दें कि तिरुमला का श्रीवारी मंदिर भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित है। यह भारत के सबसे प्रसिद्ध और श्रद्धालुओं के बीच खास महत्व रखने वाले तीर्थस्थलों में से एक है। यहां सालभर देश के अलग-अलग हिस्सों से भक्त दर्शन करने पहुंचते हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो भूमि पेडनेकर जल्द ही ऐतिहासिक फिल्म ‘द प्राइड ऑफ भारत- छत्रपति शिवाजी महाराज’ में नजर आएंगी। इस फिल्म में वह वीरांगना रानी बेलवाड़ी मल्लम्मा का किरदार निभाएंगी। फिल्म में ऋषभ शेट्टी मुख्य भूमिका में हैं। इस प्रोजेक्ट को संदीप सिंह निर्देशित कर रहे हैं और वह इसके निर्माता भी हैं। फिल्म में अर्जुन रामपाल और विवेक ओबेरॉय भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसके पहले भाग को 21 जनवरी, 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी है। फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बनी हुई है, खासकर इसलिए कि इसमें भारतीय इतिहास से जुड़े किरदारों को बड़े पर्दे पर दिखाया जाएगा। भूमि को पिछली बार रोमांटिक कॉमेडी फिल्म ‘मेरे हसबैंड की बीवी’ में देखा गया था। इसके अलावा, वह नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज ‘द रॉयल्स’ में भी नजर आई थीं, जिसमें उनके साथ ईशान खट्टर ने काम किया था।

साउथ एक्सेंट पर ट्रोलिंग को लेकर बोलीं ईशा देओल

कहा-मुझे तो बहुत क्यूट लगता है



मुंबई। अभिनेत्री ईशा देओल 15 साल बाद एक्शन-क्राइम ड्रामा फिल्म ‘प्रताप’ से बॉलीवुड में वापसी कर रही हैं। अभिनेत्री ने आईएएनएस के साथ बातचीत में साउथ इंडियन एक्टर्स के एक्सेंट को लेकर ट्रोल किए जाने पर प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री का कहना है कि उन्हें साउथ इंडियन एक्सेंट काफी %प्यारा% और %क्यूट% लगता है। ईशा ने कहा, ‘‘जब मैं अपने डायलॉग बोलती हूं, खासकर हिंदी में, तो मैं काफी हद तक अपनी मां जैसी लगती हूं, लेकिन असल में मैं वैसी ही हूं और जिन्होंने मुझे किसी खास किरदार के लिए लिया है, वो ये बात अच्छे से जानते हैं। तो मुझे लगता है कि साउथ इंडियन लोगों का हल्का-सा एक्सेंट सुनना बहुत प्यारा और क्यूट लगता है और मुझे बहुत अच्छा लगता है। अभिनेत्री ने आगे बताया कि बॉलीवुड में भी ऐसी कई दिग्गज अभिनेत्रियां हैं, जिनकी बोली में साउथ इंडियन एक्सेंट सुनने को मिलता है। उन्होंने कहा, ‘‘और भी कुछ लोगों जैसे श्री आंटी, मेरी मम्मी और उर्मिला में भी साउथ इंडियन एक्सेंट सुनने को मिलता है। उर्मिला की तो मैं बहुत बड़ी फैन हूं और उनकी बोली में जो हल्का-सा एक्सेंट आता है, वो मुझे पसंद है। अभिनेत्री ने आगे कहा कि लोगों के बोलने के तरीके का मजाक उड़ाने के बजाय भाषाई और सांस्कृतिक विविधता की सराहना करना जरूरी है। दरअसल, साउथ इंडियन एक्सेंट को लेकर चर्चा तब तेज हो गई जब अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने करण जौहर के टॉक शो %कॉफी विद करण सीजन 9% में अपने साउथ इंडियन एक्सेंट को लेकर होने वाली ट्रोलिंग पर खुलकर बात की थी। इस एपिसोड में रश्मिका अपने पति और अभिनेता विजय देवरकोंडा के साथ नजर आई थीं। शो के दौरान रश्मिका ने कहा कि वे दक्षिण भारत से हैं, इसलिए उनके बोलने के लहजे में वहां की झलक होना बिल्कुल स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि इसमें परेशान होने वाली कोई बात नहीं है। रश्मिका ने यह भी बताया कि वे अपनी फिल्मों के लिए खुद अलग-अलग भाषाओं में डबिंग करने में गर्व महसूस करती हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन ट्रोलिंग उन्हें अपना काम करने से नहीं रोक सकती।

‘उड़ता तीर’ देख दीवानी हुईं आयशा खान, संदीप आनंद की एक्टिंग की तारीफ



मुंबई। आयुष्मान खुराना स्टारर क्रॉस-बॉर्डर स्पाई-कॉमेडी (जासूसी हास्य) फिल्म %उड़ता तीर% सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। मंगलवार को अभिनेत्री आयशा खान ने फिल्म की जमकर सराहना की। साथ ही, सभी से फिल्म देखने की अपील भी की। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर फिल्म के एक हास्य सीन की क्लिप शेयर की, जिसमें अभिनेता आयुष्मान खुराना के साथ अभिनेता संदीप आनंद नजर आ रहे हैं। आयशा खान ने इस क्लिप की तारीफ करते हुए लिखा, ÷मैं संदीप आनंद की बहुत बड़ी फैन हूं और कल उन्हें स्क्रीन पर देखकर बहुत खुशी हुई। उन्होंने क्या परफॉर्मेंस दी है। मजे ही आ गए तारिक (संदीप आनंद का किरदार) और आप जानते हैं कि अगर आयुष्मान इसमें हैं तो फिल्म धमाकेदार ही होगी।÷

अभिनेत्री ने बताया कि फिल्म ने उन्हें बिल्कुल भी बोर नहीं किया। उन्होंने लिखा, ÷इस फिल्म में एक भी किरदार कमजोर नहीं है, शानदार टाइमिंग, इतने अच्छे लिखे हुए सीन्स, कल थिएटर में हंस-हंस के मेरी जान निकल गई, मैं ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहती, प्लीज अपनी फैमिली के साथ थिएटर में जाकर इस फिल्म को जरूर देखें, पैसा वसूल है। इस फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक भी सबसे बेस्ट पार्ट में से एक है और स्टोरीलाइन आपको आखिर तक बांधे रखती है, क्लाइमैक्स तो कमाल का है, बस अभी जाओ और देखें।÷

फिल्म %उड़ता तीर% को दर्शकों की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। दर्शकों के अनुसार, फिल्म का पहला हाफ काफी मनोरंजक, तेज और मजेदार है, जिसमें सिचुएशनल कॉमेडी और वन-लाइनर्स अच्छे लगते हैं। वहीं, दूसरा हाफ थोड़ा सुस्त और प्रिडिक्टेबल (अनुमान लगाने योग्य) हो जाता है, जहां फिल्म स्पाई कॉमेडी से हटकर देशभक्ति और गंभीर जॉनर की तरफ मुड़ने की कोशिश में थोड़ी उलझ जाती है।

आयुष्मान खुराना की कॉमिक टाइमिंग और कंफ्यूज्ड एक्सप्रेशंस की काफी तारीफ हो रही है। साथ ही सारा अली खान और सपोर्टिंग कास्ट (जैसे राम कपूर, गुलशन ग्रोवर, मुकुल देव) के काम को भी पसंद किया जा रहा है।

जब रणबीर सिंगल थे, नीतू कपूर ने बताई थी अपनी ड्रीम बहू की क्वालिटी



मुंबई। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट बॉलीवुड के सबसे पसंदीदा जोड़ों में से एक हैं, हालांकि जब रणबीर सिंगल थे, तब उनकी मां और दिग्गज अभिनेत्री नीतू कपूर ने बताया था कि उनके बेटे के लिए एक आदर्श लड़की कैसी होनी चाहिए। जब रणबीर, दिग्गज अभिनेत्री सिमी ग्रेवाल के शो ‘सिमी सिलेक्ट्स इंडियाज मोस्ट डिजायरेबल’ में आए तो नीतू ने बताया कि उनके बेटे के लिए सही लड़की सुई की तरह होनी चाहिए, न कि कैंची की तरह यानी ऐसी लड़की जो परिवार को एक साथ जोड़कर रखे। शो के दौरान नीतू ने रणबीर के लिए एक वीडियो मैसेज भेजा, जिसमें उन्होंने कहा, दो तरह की लड़कियां होती हैं - एक जो कैंची लेकर आती हैं और दूसरी जो सुई लेकर आती हैं। कैंची वाली लड़की परिवार को तोड़ती है, जबकि सुई वाली लड़की परिवार को जोड़कर रखती है और यह सुनिश्चित करती है कि परिवार एक साथ रहे। मुझे ऐसी ही लड़की चाहिए। जो लोग नहीं जानते, उन्हें बता दें कि रणबीर ने कुछ समय तक डेट करने के बाद 14 अप्रैल 2022 को अभिनेत्री आलिया भट्ट से शादी कर ली। इस जोड़े के घर 6 नवंबर 2022 को उनकी पहली संतान, बेटी राहा का जन्म हुआ। बाद में जब नीतू ‘कॉफी विद करण’ में आई, तो करण जौहर ने उनसे रणबीर और आलिया को रिश्ते से जुड़ी कोई खास सलाह देने के लिए कहा। जब करण जौहर ने नीतू से पूछा कि ऋषि कपूर के साथ उनकी शादी की ऐसी कौन सी बात है, जिसे वह चाहती हैं कि आलिया और रणबीर भी अपनाएं, तो नीतू ने जवाब दिया, कुछ भी नहीं। क्योंकि आज के दौर में, आप जो करना चाहते हैं, वह करें। बस खुश रहें। और वैसे भी, हर पीढ़ी अलग होती है। मैंने जो अनुभव किया, मैं उनसे भी वही करने की उम्मीद नहीं कर सकती। उन्हें अपनी खुद की राह चुननी चाहिए। नीतू और ऋषि कपूर की शादी 1980 में एक पारंपरिक समारोह में हुई थी। 1980 में उनके घर बेटी रिद्धिमा का जन्म हुआ और 1982 में बेटे रणबीर का, हालांकि ल्यूकेमिया से दो वर्ष तक जूझने के बाद अप्रैल 2020 में ऋषि कपूर का निधन हो गया।

page 7_Layout 1 27-10-2026 16:49 Page 1

मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ 1 नवंबर को रामलीला मैदान में इंडिया ब्लॉक की रैली, 10 लाख लोगों के जुटने का दावा

डेली आवाज भारती


नई दिल्ली। विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक ने कथित %वोट चोरी%, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित रैली की तैयारियां तेज कर दी हैं। कांग्रेस और गठबंधन के अन्य सहयोगी दल इस रैली को सफल बनाने की तैयारियों में जुटे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सोमवार को रामलीला मैदान का दौरा कर रैली की तैयारियों का जायजा लेने वाले हैं। इस दौरान वह सुरक्षा व्यवस्था, मंच और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे। कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल भी प्रस्तावित रैली से पहले रामलीला मैदान पहुंचे और तैयारियों का जायजा लिया। वहीं, दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भी आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। देवेंद्र यादव ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि इंडिया ब्लॉक की रैली में भारी भीड़ जुटने की उम्मीद है। उन्होंने दावा किया कि देशभर से करीब 10 लाख लोग इसमें शामिल हो सकते हैं। यादव ने कहा, ÷हम सभी बहुत खुश हैं कि 1 नवंबर को रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की एक विशाल रैली होने जा रही है। रामलीला मैदान में पहले भी कई रैलियां हुई हैं, लेकिन मुझे उम्मीद है कि यह ऐतिहासिक रैली होगी, जिसमें देशभर से करीब 10 लाख लोग शामिल होंगे।÷



उन्होंने कहा कि कांग्रेस जंतर-मंतर को विरोध-प्रदर्शनों के लिए खुला रखने की अपनी मांग जारी रखेगी। हालांकि, प्रस्तावित रैली में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना को देखते हुए रामलीला मैदान को अधिक उपयुक्त स्थान बताया। यादव ने कहा कि रामलीला मैदान की भौगोलिक स्थिति इसे देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले लोगों के लिए सुविधाजनक बनाती है। इसके आसपास प्रमुख सड़कें, रेलवे स्टेशन और राजघाट स्थित हैं। उन्होंने कहा, ÷मुझे खुशी है कि इंडिया गठबंधन के सभी सहयोगी दल पूरी ताकत के साथ यहां पहुंचेंगे।÷ इस बीच, चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने 1 नवंबर को प्रस्तावित रैली को दिवाली के बाद आयोजित करने की अपनी मांग दोहराई है। संगठन ने राष्ट्रीय राजधानी में बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना को लेकर चिंता जताई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा व्यापारियों की रैली की तारीख बदलने की मांग खारिज किए जाने के एक दिन बाद सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल ने कांग्रेस नेता को विस्तृत पत्र लिखा। इसमें उन्होंने करीब 10 लाख लोगों के शामिल होने की संभावना वाली रैली को त्योहार के बाद आयोजित करने का अनुरोध किया। दिल्ली में व्यापारियों और उद्यमियों का प्रतिनिधित्व करने वाले इस संगठन ने पत्र की एक प्रति कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भी भेजी है। सीटीआई ने उनसे इंडिया ब्लॉक के सहयोगी दलों के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करने का आग्रह किया है। प्रस्तावित रैली में विपक्षी गठबंधन के विभिन्न दलों के नेता और कार्यकर्ता देशभर से शामिल होने की उम्मीद है।

भारत अपने हितों को केंद्र में रखकर ले रहा फैसले, रूस से तेल आयात कम करने का दबाव नहीं : हरदीप पुरी

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने मंगलवार को कहा कि भारत कच्चे तेल के लिए अपने हित को केंद्र में रखकर फैसले ले रहा है और फिलहाल रूसी तेल आयात कम करने के लिए अमेरिका को कई दबाव नहीं है। एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मध्य-पूर्व से कच्चे तेल की आपूर्ति में तेज वृद्धि हुई है। बड़ी संख्या में कार्गो क्षेत्र से बाहर निकल पा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि यूक्रेन युद्ध से पहले भारत केवल अपना 0.2 प्रतिशत ही कच्चा तेल रूस से आयात करता था, लेकिन रूसी कच्चे तेल पर डिस्काउंट के चलते आयात में तेज वृद्धि हुई।

शिप ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक, सितंबर में भारत का मध्य-पूर्व से कच्चे तेल का आयात काफी बढ़ गया है और यह युद्ध-पूर्व के स्तर पर वापस आ गया है। वहीं, चीन से मिल रही कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच, रिफाइनरियों ने रूसी तेल की खरीद कम कर दी है। रिपोर्ट में बताया गया कि रूसी तेल की खरीद, अन्य प्रकार के तेलों की तुलना में मिलने वाली छूट और कीमत पर निर्भर करती है। रूसी तेल का आयात इसलिए कम हुआ है क्योंकि रिफाइनरियां अब खाड़ी देशों से मिलने वाला वह तेल ज्यादा खरीद रही हैं, जो छूट पर उपलब्ध है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आखिरकार, हर फैसला अपने ही फायदे को ध्यान में रखकर लिया जाता है। अक्टूबर की शुरुआत में, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने %राष्ट्रीय हित% से जुड़े प्रावधानों का इस्तेमाल करते हुए, पिछले महीने बने एक कानून के तहत रूसी ऊर्जा निर्यात पर लगने वाले नए प्रतिबंधों और शुल्कों को हटा दिया। इससे भारत को 100 प्रतिशत तक के संभावित शुल्कों से राहत मिली है। सितंबर में, पुरी ने कहा था कि भारत ने भू-राजनीतिक संकटों के बीच आपूर्ति श्रृंखला में आई रुकावटों को बखूबी संभाला है और ऊर्जा आयात को लगातार बनाए रखा है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की %ऊर्जा कूटनीति% की सफलता को दर्शाता है।

केंद्रीय मंत्री के अनुसार, ÷आज ऊर्जा सुरक्षा का मतलब सिर्फ आपूर्ति सुनिश्चित करना नहीं है; बल्कि इसका मतलब संघर्षों, मुश्किल रास्तों, कीमतों में उतार-चढ़ाव और अचानक आने वाली रुकावटों के बीच देश और उसकी अर्थव्यवस्था को सुचारू रूप से आगे बढ़ाते रहना भी है।

इसके अलावा, मंत्री ने कहा कि भारत वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य को आकार देने में एक बड़ी ताकत बनकर उभर रहा है। अगले दो दशकों में दुनिया की ऊर्जा मांग में होने वाली कुल वृद्धि का लगभग एक-चौथाई हिस्सा भारत से आने की उम्मीद है।

तीसरा टी20: अभिषेक शर्मा का विस्फोटक शतक, भारत ने न्यूजीलैंड को 6 विकेट से हराया,सीरीज पर किया कब्जा

डेली आवाज भारती

वेलिंगटन। भारत ने हेनरी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए तीसरे टी20 मुकाबले को 6 विकेट से जीत लिया है। भारतीय टीम को जीत के लिए 199 रन का लक्ष्य मिला था। अभिषेक शर्मा के विस्फोटक शतक के दम पर टीम इंडिया ने 13.2 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ भारत ने सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त ले ली है। भारत की तरफ से पारी की शुरुआत करने के लिए वैभव सूर्यवंशी और अभिषेक शर्मा उतरे। बाएं हाथ के दोनों विस्फोटक बल्लेबाजों ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की ऐसी धुनाई की कि पावर प्ले का नया रिकॉर्ड बन गया। वैभव और अभिषेक ने 6 ओवर के पावर प्ले में 118 रन बनाए। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पावर प्ले का यह



विश्व रिकॉर्ड है। इन 118 रनों में वैभव ने 17 गेंदों पर 4 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 44 रन बनाए, जबकि अभिषेक ने 20 गेंदों पर 7 चौकों और 6 छक्कों की मदद से 67 रन का योगदान दिया। भारत को पहला झटका 133 के स्कोर पर लगा। वैभव सूर्यवंशी 19 गेंदों पर 45 रन बनाकर आउट हुए।अभिषेक शर्मा ने अपने अंतरराष्ट्रीय टी20 करियर का चौथा शतक लगाया। अभिषेक ने 38 गेंदों पर 11 छक्कों और 9 चौकों की मदद से 113 रन की पारी खेली। वह 10वें ओवर की आखिरी गेंद पर 178 के स्कोर पर आउट हुए। इसके बाद श्रेयस अय्यर 5 और सैमसन 18 रन बनाकर आउट हुए। भारत ने 13.2 ओवर में 4 विकेट पर 199 रन बनाकर मैच 6 विकेट से जीता। नमन धीर 4 और तिलक वर्मा 1 रन बनाकर नाबाद रहे। टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने 3 विकेट पर 198 रन बनाए थे। सलामी बल्लेबाज एलन ने 25 गेंदों पर 5 छक्कों की मदद से 40 रन की पारी खेली। फिलिप्स ने 17 रन बनाए। मिचेल और जैकब्स ने 48 गेंदों पर 75 रन की साझेदारी करके कीवी टीम का स्कोर 3 विकेट पर 198 तक पहुंचाया। मिचेल ने 52 गेंदों पर 5 चौकों और 5 छक्कों की मदद से नाबाद 89 रन और जैकब्स ने 23 गेंदों पर 4 चौकों और 1 छक्के की मदद से नाबाद 39 रन बनाए।

डीए केस : हाईकोर्ट ने पंजाब के मुख्य सचिव पर लगाया 1 लाख का जुर्माना, 3 नवंबर को पेश होने का आदेश

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने डीए केस में पंजाब के मुख्य सचिव पर 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है और 3 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आदेशों का पालन न करने पर मुख्य सचिव पर 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। इसके साथ ही बेंच ने मुख्य सचिव को एक व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें यह स्पष्ट करना होगा कि हाईकोर्ट के निर्देशों को क्यों लागू नहीं किया गया। हाईकोर्ट ने पंजाब के मुख्य सचिव को सुनवाई की अगली तारीख 3 नवंबर को अदालत के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। बता दें कि पंजाब सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दो माह से अधिक समय से डिफेक्ट लिस्ट में लटकी हुई थी।

चक्रवात 'अर्नब' को लेकर पश्चिम बंगाल में अलर्ट, कई जिलों में भारी बारिश और पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन की आशंका

डेली आवाज भारती

कोलकाता। चक्रवात 'अर्नब' के अत्यंत गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने और बुधवार को आंध्र प्रदेश के तट से टकराने की आशंका के बीच पश्चिम बंगाल में भी मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। कोलकाता स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) ने मंगलवार को राज्य के कई तटीय जिलों में अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश, गरज के साथ बौछारों और तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने समुद्र में खराब परिस्थितियों की आशंका को देखते हुए मछुआरों को समुद्र में नहीं जाने की सलाह दी है। चक्रवात के प्रभाव से मंगलवार से समुद्र की स्थिति बिगड़ने और ऊंची लहरें उठने की संभावना है। चेतावनी के अनुसार,



गुरुवार तक मछली पकड़ने की गतिविधियों पर रोक लगाई गई है। वहीं, समुद्र में पहले से मौजूद मछुआरों को सोमवार तक तट पर लौटने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को दक्षिण 24 परगना, पूर्व मेदिनीपुर, पश्चिम मेदिनीपुर और झाड़ग्राम जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने तथा 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। कोलकाता, उत्तर 24 परगना, हावड़ा और हुगली में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। बुधवार को मौसम और खराब होने की आशंका है। दक्षिण 24 परगना, पूर्व मेदिनीपुर, पश्चिम मेदिनीपुर और झाड़ग्राम में भारी बारिश का पूर्वानुमान है। इन चार जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। चक्रवात के प्रभाव से कोलकाता और दक्षिण बंगाल के अन्य जिलों में भी रुक-रुककर बारिश होने और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने उत्तर बंगाल के दार्जिलिंग, कालिम्पोंग, अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी जिलों में गुरुवार और शुक्रवार को भारी बारिश का अनुमान जताया है। लगातार बारिश के कारण पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन होने की आशंका भी व्यक्त की गई है। इसके अलावा, गहरे दबाव और उच्च ज्वार की स्थिति के बीच नदियों और समुद्र में जलस्तर बढ़ने तथा ज्वारीय लहरें उठने की आशंका को लेकर भी चिंता जताई गई है। भारी बारिश, तेज हवाओं और बढ़ते जलस्तर का मेल तटीय क्षेत्रों के संवेदनशील इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए खतरा पैदा कर सकता है।

एफएंडओ एक्सपायरी पर सपाट बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स-निफ्टी में मामूली गिरावट

डेली आवाज भारती

मुंबई। एफएंडओ एक्सपायरी के दिन मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद लगभग सपाट स्तर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। कारोबार के अंत में बीएसई सेंसेक्स 8.08 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 73,598.67 पर बंद हुआ, तो वहीं निफ्टी 50 भी 3.45 अंक यानी 0.02 प्रतिशत फिसलकर 22,749.75 पर बंद हुआ। वहीं बैंक निफ्टी 0.72 प्रतिशत गिरकर 53,974.90 पर आ गया। हालांकि, प्रमुख सूचकांकों की सुस्त चाल के बावजूद व्यापक बाजार में खरीदारी का माहौल देखने को मिला। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 2 प्रतिशत से अधिक उछला, जबकि



निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स में 1 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त दर्ज की गई। इससे संकेत मिला कि निवेशकों की रुचि चुनिंदा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में बनी हुई है। वहीं, सेक्टरवार देखें तो निफ्टी सीमेंट में 2 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई। इसके बाद निफ्टी प्राइवेट बैंक, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज और निफ्टी आईटी में कमजोरी देखने को मिली। वहीं निफ्टी मीडिया में 3.6 प्रतिशत, निफ्टी रियल्टी में 1.9 प्रतिशत, निफ्टी फार्मा में 1.9 प्रतिशत और निफ्टी ऑटो में 1.5 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। इसके साथ ही निफ्टी एफएमसीजी, निफ्टी मेटल और निफ्टी पीएसयू बैंक भी बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि दूसरी तिमाही (क्यू2) के नतीजों के आधार पर शेयरों में सेक्टर और स्टॉक-आधारित हलचल देखने को मिल रही है। यही वजह रही कि प्रमुख सूचकांक सीमित दायरे में रहे, लेकिन व्यापक बाजार ने बेहतर प्रदर्शन किया। विशेषज्ञों ने कहा कि मंगलवार के कारोबार में निवेशकों का मनोबल बढ़ाने वाली एक महत्वपूर्ण खबर सरकार की ओर से लगभग 2.12 लाख करोड़ रुपए के रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी देना रही। इन प्रस्तावित खरीदों में लगभग 82 प्रतिशत उपकरण घरेलू निर्माताओं से लिए जाने की संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह फैसला देश के रक्षा विनिर्माण क्षेत्र के लिए सकारात्मक है और 'आत्मनिर्भर भारत' तथा घरेलू रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।

पीएनबी के कर्मचारियों पर करोड़ों रुपए के गबन का आरोप, ग्राहकों का दावा- बैंक ने बदला पूरा स्टाफ

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के कर्मचारियों पर ग्राहकों ने करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। साथ ही, दावा किया है कि गड़बड़ी सामने आने के बाद बैंक ने अपने पूरे स्टाफ को बदल दिया है। मामला ग्रेटर नोएडा में मौजूद पीएनबी की सेक्टर पाई-1 ब्रांच का है। ग्राहकों ने दावा किया है कि उनके खातों में मौजूद राशि बिना उनकी अनुमति के निकाल ली गई और बैंक अब राशि वापसी के लिए समय मांग रहा है। बैंक में खाताधारक सोनू ने समाचार एजेंसी आईएएनएस को बताया कि उनका इस ब्रांच में खाता है और उससे करीब 90 लाख रुपए गायब है। बैंक की ओर से पैसे गायब होने के पीछे कोई कारण बताया जा रहा है, लेकिन आश्वासन दिया है कि जल्द ही पैसा आ जाएगा। राहुल ने आईएएनएस से



कहा कि उनकी माता जी का इस ब्रांच में खाता है और गड़बड़ी का पता लगने के बाद वह बैंक आए हैं और उनके खाते से करीब 51 लाख रुपए गायब हो गए हैं। साथ ही, कहा कि इस खाते में मोबाइल नंबर नहीं था, जिस वजह से उन्हें अनधिकृत लेनदेन के बारे में समय पर जानकारी नहीं मिल पाई है। वहीं, सोनू सागर ने आईएएनएस से कहा कि उनके पिता का खाता इस ब्रांच में है। इसमें करीब 88 लाख रुपए थे, लेकिन अब जब स्टेटमेंट निकाला, तो जमा राशि मात्र 1.29 हजार रुपए निकाली। उन्होंने दावा किया कि यह गबन आज का नहीं है, बल्कि कई सालों से चल रहा है।

पटियाला नगर निगम के 28 वार्डों में 18 नवंबर तक दोबारा होंगे चुनाव

- सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आयोग ने तेज की प्रक्रिया

डेली आवाज भारती

पटियाला। पटियाला नगर निगम के 28 वार्डों में 18 नवंबर तक दोबारा चुनाव होंगे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पंजाब राज्य चुनाव आयोग ने प्रक्रिया तेज कर दी है। पटियाला नगर निगम के साल 2024 में हुए चुनाव में गड़बड़ियों के चलते निर्वाचन रद्द हो गया था। अब सुप्रीम कोर्ट की ओर से 28 वार्डों में नए सिरे से चुनाव करवाने के आदेश के बाद आयोग ने पूरी चुनावी प्रक्रिया 18 नवंबर तक पूरी करने की समयसीमा तय की है। इससे संबंधित वार्डों में चुनावी गतिविधियां



तेज होने की उम्मीद है। आयोग की जांच में सामने आया था कि कई वार्डों में विपक्षी उम्मीदवारों को नामांकन दाखिल करने से रोकने, नामांकन पत्र छीनने या फाड़ने और उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने से वंचित करने जैसी गंभीर अनियमितताएं हुई थीं। इसी आधार पर 28 वार्डों के चुनाव रद्द कर दोबारा चुनाव करवाने का फैसला लिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने दोबारा चुनाव की प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए न्यायिक निगरानी के भी निर्देश दिए हैं। इसके तहत नामांकन पत्र दाखिल करने, उनकी जांच, चुनाव चिह्न आवंटित करने और मतदान जैसी अहम प्रक्रियाओं की निगरानी की जाएगी। इन प्रक्रियाओं की वीडियोग्राफी करवाने के भी निर्देश हैं, ताकि किसी तरह की गड़बड़ी की शिकायत आने पर उसकी जांच की जा सके। अब पंजाब राज्य चुनाव आयोग की ओर से तय 18 नवंबर की समयसीमा को देखते हुए जिला चुनाव अधिकारियों को मतदाता सूचियों के संशोधन सहित अन्य तैयारियां समय पर पूरी करनी होंगी। इस पूरी प्रक्रिया पर राजनीतिक दलों और स्थानीय लोगों की नजरें टिकी हैं। दोबारा चुनाव का मुख्य उद्देश्य उन वार्डों में निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करना है, जहां पिछली चुनावी प्रक्रिया जांच में अनियमितताओं से प्रभावित पाई गई थी।

दिवाली पर पटाखों से होने वाले शोर और प्रदूषण पर बॉम्बे हाईकोर्ट सख्त, सरकार के कदमों पर जताई संतुष्टि

डेली आवाज भारती

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने दिवाली के दौरान पटाखों से होने वाले शोर और वायु प्रदूषण को लेकर दायर स्वतः संज्ञान जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए महाराष्ट्र सरकार और प्रशासन की ओर से उठाए गए कदमों पर संतुष्टि जताई है। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि पहले के आदेशों के पालन में देरी हुई, लेकिन अब प्रशासन ने तेजी दिखाई है। जस्टिस जी. एस. कुलकर्णी और जस्टिस डॉ. नीला गोखले की पीठ ने 26 अक्टूबर के आदेश में यह टिप्पणी की। सुनवाई के दौरान मुंबई पुलिस कमिश्नर देवेन भारती, बीएमसी कमिश्नर अश्विनी भिडे और महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीसीबी) की ओर से हलफनामा दाखिल कर प्रदूषण और शोर पर नियंत्रण के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी गई।



बीएमसी ने कोर्ट को बताया कि पर्यावरण विभाग के डिप्टी चीफ इंजीनियर अजय राणे को इस अभियान का नोडल अधिकारी बनाया गया है। 22 अक्टूबर को %लोकसत्ता% और %इंडियन एक्सप्रेस% में जन-जागरूकता संबंधी विज्ञापन प्रकाशित किए गए, जबकि 25 अक्टूबर से टीवी विज्ञापनों का प्रसारण शुरू किया गया है। बीएमसी के अनुसार, रेलवे स्टेशनों, बस डिपो, हाईवे और बीएमसी के पोर्टल पर भी जागरूकता के लिए होर्डिंग और डिस्प्ले लगाए गए हैं। स्कूलों में पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई जा रही है। बीएमसी ने बताया कि शोर से संबंधित शिकायतों के लिए हेल्पलाइन नंबर 1916 पर शिकायतें ली जा रही हैं। इन शिकायतों को सीधे पुलिस कंट्रोल रूम को भेजा जाएगा। वहीं, महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बताया कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देशों के तहत दीपावली 2026 के दौरान हवा और शोर के स्तर की विशेष निगरानी की जाएगी। इसके लिए संबंधित प्रोटोकॉल और मैनुअल तैयार किया गया है। पुलिस कमिश्नर देवेन भारती ने कोर्ट को बताया कि सभी पुलिस थानों के प्रभारियों को हाईकोर्ट के आदेशों की जानकारी दे दी गई है। बिना लाइसेंस वाले लाउडस्पीकर और सार्वजनिक सड़कों पर पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध लागू करने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने के निर्देश भी दिए गए हैं। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि मुंबई की 50 प्रतिशत से अधिक आबादी झुग्गी-बस्तियों में रहती है। ऐसे में इन इलाकों में जागरूकता अभियान चलाने के लिए नगरसेवकों और स्लम रिहैबिलिटेशन अथॉरिटी (एसआरए) के सीईओ को शामिल करते हुए बैठक की जानी चाहिए। कोर्ट ने सुझाव दिया कि झुग्गी-बस्तियों के प्रभावशाली लोगों के माध्यम से भी जागरूकता अभियान चलाया जाए। सेलिब्रिटी को इस अभियान से जोड़ने के मुद्दे पर कोर्ट ने कहा कि इसके लिए सरकारी खजाने से पैसे नहीं दिए जाने चाहिए। कोर्ट ने उम्मीद जताई कि फिल्मी सितारे और खिलाड़ी समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए स्वेच्छा से आगे आएंगे।

योगी कैबिनेट में 22 प्रस्तावों को मंजूरी, शिक्षकों-कर्मचारियों को पांच लाख तक कैशलेस इलाज

डेली आवाज भारती

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पशुपालन को रोजगार और किसानों की आय बढ़ाने का जरिया बनाने से लेकर शिक्षा क्षेत्र के कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने तक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में पेश किए गए सभी 22 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें गाय पालन पर 50 फीसदी तक सब्सिडी, पशुओं के बीमा में सरकारी सहायता, नावों और स्टीमर के संचालन के लिए नियमावली, कंपनियों के विलय-विभाजन की प्रक्रिया आसान बनाने और मैनपुरी में सैनिक स्कूल के विस्तार के लिए जमीन उपलब्ध कराने जैसे प्रस्ताव शामिल हैं। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कैबिनेट के फैसलों की



जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में कुल 22 प्रस्ताव रखे गए थे और सभी को स्वीकृति मिल गई। सरकार ने पशुधन क्षेत्र में उत्पादन बढ़ाने, निवेश को प्रोत्साहित करने, जल परिवहन को व्यवस्थित करने और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े कर्मचारियों को स्वास्थ्य सुरक्षा देने पर विशेष जोर दिया। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक पशुधन वाला राज्य है। इसके बावजूद कम उत्पादकता और बाजार की अव्यवस्थित व्यवस्था जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। सरकार का उद्देश्य पशुपालन को अधिक लाभकारी बनाकर किसानों की आय बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पहली बार स्टेट लाइवस्टॉक मिशन का गठन किया गया है। इसके तहत दुग्ध उत्पादन बढ़ाने, पशुओं की नस्ल सुधारने और पशुपालकों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने पर काम किया जाएगा। कृत्रिम गर्भाधान के जरिए उन्नत नस्ल के पशुओं की संख्या बढ़ाने और दूध उत्पादन में वृद्धि का लक्ष्य है। मंत्री के मुताबिक, गाय पालन को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार 50 फीसदी तक सब्सिडी देगी। पशुओं के बीमा प्रीमियम का 85 फीसदी हिस्सा सरकार वहन करेगी, जबकि शेष 15 फीसदी राशि पशुपालक को देनी होगी। इसके अलावा गरीब परिवारों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए 100 मुर्गियों के चूजे मुफ्त उपलब्ध कराने की योजना भी बताई गई। सरकार का मानना है कि पशुपालन, दुग्ध उत्पादन और मुर्गी पालन जैसी गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और किसानों को आय के अतिरिक्त साधन मिलेंगे। स्टांप एवं पंजीयन मंत्री रविंद्र जायसवाल ने बताया कि प्रदेश में कंपनियों के विलय (मर्जर) और विभाजन (डी-मर्जर) की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए स्टांप ड्यूटी से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि अब तक इस संबंध में स्पष्ट प्रावधान नहीं होने के कारण कंपनियों को विलय या विभाजन के दौरान स्टांप ड्यूटी को लेकर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। कई मामलों में कंपनी की संपत्ति के मूल्यांकन और सर्किल रेट के आधार पर शुल्क निर्धारित किए जाने को लेकर भी समस्याएं सामने आती थीं।

CMYK

page 8_Layout 1 27-10-2026 21:56 Page 1

मुख्यमंत्री राज्य में बार-बार होने वाली बर्बर हिंसा की घटनाओं के लिए जिम्मेदार: बीबा हरसिमरत कौर बादल

राहुल गांधी बताएं कि पंजाब के नौजवानों को बदनाम करने के बाद पंजाब को क्या संदेश देना चाहेंगें ?

डेली आवाज भारती



राजपुरा। शिरोमणी अकाली दल की वरिष्ठ नेता बीबा हरसिमरत कौर बादल ने आज पंजाब में बार-बार हो रही हिंसा की घटनाओं पर हैरानी व्यक्त करते हुए कहा मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अपना अधिकार समाप्त कर दिया है, गैंगस्टरों और ड्रग माफिया को मनमानी करने का लाइसेंस देना इसका प्रत्यक्ष परिणाम है। बठिंडा सांसद ने डेरा बस्सी और घनौर में 'मावां-धीयां इंसाफ यात्रा' के तहत एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा,'' राज्य में भयावह तरीके से एक नौजवान का हाथ काटकर उसके माता-पिता को भेजा जाना यां पटियाला में एक युवक का अपहरण कर कत्ल करना यां मोगा और जगराओं में गोलियां चलाने की घटना हो पंजाब में एक बाद एक हिंसक घटनाएं हो रही हैं। बीबा हरसिमरत कौर बादल ने राहुल गांधी की निंदा करते हुए सवाल किया कि वह पंजाब के नौजवानों को बदनाम करने के बाद पंजाब को क्या संदेश देना चाहेंगें। उन्होने राहुल को एक असफल नेता करार देते हुए कहा कि उन्हें पंजाब आकर लोगों को गुमराह करने और धोखा देने के बजाय अपने ही गुट को बचाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होने 1 नवंबर को कांग्रेस द्वारा पार्टी का एक कार्यक्रम आयोजित करने की निंदा की, क्योंकि इस दिन दिल्ली और देश के कई हिस्सों में सिख कत्लेआम की बरसी है। मुख्यमंत्री के बारे में बात करते हुए बीबा बादल ने कहा कि यह बेहद निंदनीय है कि उन्होने नशे के खिलाफ ले ई ले ने वाले शहीद परविंदर झोटा के परिवार से मिलने से इंकार कर दिया। उन्होने कहा कि भगवंत मान द्वारा यह कहना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि पीं त परिवार की मागें जायज नही हैं। उन्होने कहा कि ड्रग माफिया के हाथों अपने बेटे को खोने वाला परिवार केवल राजनेता-पुलिस-प्रशासन के गठजो के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहा है। उन्होने कहा,'' परिवार को उन पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने का पूरा अधिकार है, जिन्होने परविंदर झोटा के कातिल अश्विनी कुमार को हथियार का लाइसेंस दिया और साथ ही उस ड्रग इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने का पूरा अधिकार है जिसने अपनी निगरानी में अश्विनी की केमिस्ट की दुकान पर साइकोट्रोपिक ड्रग्ज बेचने की अनुमति दी थी।'' यह कहते हुए कि आम आदमी पार्टी सरकार का ड्रग माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने का कोई इरादा नही है, बीबा हरसिमरत कौर बादल ने कहा,'' अब हमें खुद अपने राज्य को इस खतरे से बचाना होगा।'' उन्होने कहा कि यही कारण है कि मावां-धीयां की फौज बनाई गई है।

पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले ईसी सख्त

अधिकारियों के तबादलों को लेकर जारी किए निर्देश

डेली आवाज भारती



पंजाब में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। चुनाव आयोग ने चुनाव से जुड़े अधिकारियों की तैनाती और तबादलों को लेकर निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखना है। भारतीय चुनाव आयोग (ECI) की 10 सदस्यीय टीम दो दिवसीय पंजाब के दौरे पर है, जहां राज्य में चुनाव की प्रशासनिक और सुरक्षा संबंधी तैयारियों की समीक्षा की जा रही है। चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार, चुनाव से सीधे जुड़े अधिकारियों को उनके गृह जिले में तैनात नहीं रखा जाएगा। जिन अधिकारियों ने पिछले चार वर्षों के दौरान किसी जिले में तीन साल पूरे कर लिए हैं या निर्धारित कट-ऑफ तारीख तक तीन साल पूरे कर लेंगे, उन्हें नियमानुसार उस जिले से स्थानांतरित करना होगा। इन निर्देशों के दायरे में DEO, RO, ARO और पुलिस विभाग के चुनाव संबंधी जिम्मेदारियां निभाने वाले अधिकारी शामिल हैं। पुलिस उपनिरीक्षक (SI) से लेकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों तक, चुनाव सुरक्षा और पुलिस बल की तैनाती से जुड़े अधिकारियों पर भी ये निर्देश लागू होंगे। SI को उनके गृह जिले में तैनात नहीं किया जाएगा।

पुलिस, आबकारी और परिवहन विभाग भी दायरे में

चुनाव आयोग के निर्देश केवल जिला प्रशासन और पुलिस विभाग तक सीमित नहीं हैं। आबकारी और परिवहन विभागों के अधिकारियों पर भी ये लागू होंगे। जिन अधिकारियों के आधिकारिक कार्यों से संबंधित आपराधिक मामले अदालत में लंबित हैं, उन्हें चुनाव संबंधी जिम्मेदारियां नहीं सौंपी जाएंगी। इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य चुनाव के दौरान प्रशासनिक निष्पक्षता बनाए रखना और किसी भी तरह के हितों के टकराव से बचना है।

माजरी पुलिस ने मोटर की तारें चोरी करने वाले दो सगे भाइयों को किया गिरफ्तार, 10 वारदातों का खुलासा

डेली आवाज भारती





माजरी (एस.ए.एस. नगर): (हरतेज सिंह तेजी) : जिला एस.एस. नगर के एसएसपी वरुण शर्मा (IPS) द्वारा असामाजिक तत्वों और नशा तस्करों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के तहत माजरी पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इलाके में मोटरों से तारें चोरी करने वाले दो शातिर संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान दविंदर सिंह और रविंदर सिंह (दोनों पुत्र बहादुर सिंह), निवासी गांव रसूलपुर, थाना मुल्लांपुर गरीबदास रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, एसपी (ग्रामीण) जसपिंदर सिंह गिल और डीएसपी (सब-डिवीजन मुल्लांपुर) हरकीरत सिंह की देखरेख में थाना माजरी के प्रभारी इंस्पेक्टर नवदीप शर्मा द्वारा गठित विशेष टीम इलाके में गश्त पर थी। 25 अक्टूबर की रात गश्त के दौरान एसआई पवन कुमार और उनकी टीम ने इन दोनों संदिग्धों को पेचकस और प्लास सहित काबू किया। उस समय दोनों के खिलाफ धारा 128 बी.एन.एस.एस. (BNSS) के तहत कार्रवाई करते हुए हिरासत में लिया गया था। अगले दिन, 26 अक्टूबर की सुबह पुलिस को मोटरों की तारें चोरी होने की शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें शिकायतकर्ता ने पकड़े गए व्यक्तियों पर शक जताया। जब पुलिस ने दोनों से गहन पूछताछ की, तो उन्होंने मोहाली क्षेत्र में करीब 10 चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर थाना माजरी के क्षेत्र से चोरी की गई तारें भी बरामद कर ली हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना माजरी में मुकदमा नंबर 105, दिनांक 26.10.2026, धारा 303(2), 317(2) बी.एन.. (BNS) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों को आज अदालत में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

चंडीगढ़ से बरेली जा रही बस पर हमला, बस ड्राइवर समेत सवारियां घायल

- हमलावरों ने इस दौरान बस की खिड़कियां तक तोड़ दीं
- घटना का पता चलते ही डेराबस्सी पुलिस ने दिखाई मुस्तैदी
- बसों में सवारियों को बैठाने और किराए का चल रहा विवाद

डेली आवाज भारती

बस पर लोहो की रोड, डंडों और तेजधार हथियारों से हमला



चंडीगढ़। चंडीगढ़ से बरेली जा रही बस को अज्ञात हमलावरों ने अपना निशाना बनाया है। हमलावरों ने अचानक बस पर लोहो की रोड, डंडों और तेजधार हथियारों से हमला करना शुरू कर दिया। हमलावरों ने इस दौरान बस की खिड़कियां तक तोड़ दीं। जिस कारण बस के अंदर बैठी सवारियों में चीख-पुकार मच गई। इस घटना के दौरान बस ड्राइवर समेत कई सवारियां घायल हो गई हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही डेराबस्सी पुलिस ने मुस्तैदी दिखाई और मौके पर हालात का जायजा लिया और मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। हमले का मुख्य कारण बसों में सवारियों को बैठाने और किराए को लेकर चल रहा विवाद बताया जा रहा है। ट्रांसपोर्टरों के बीच सवारियां छीनने और कम-ज्यादा किराए को लेकर पिछले कुछ समय से तनाव चल रहा था, जिसने कल रात हिंसक रूप ले लिया। पुलिस ने पीड़ितों और सवारियों से पूछताछ करनी शुरू कर दी है।

जल्द आरोपियों को किया जाएगा गिरफ्तार

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हमलावरों की पहचान के लिए घटनास्थल और आस-पास लगे ष्टष्ठञ्ज कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस ने दावा किया है कि दोषियों को जल्द ही गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और किसी भी शरारती तत्व को कानून-व्यवस्था खराब करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

राजबीर घुमन ने बिक्रम मजीठिया को कानूनी नोटिस भेजा

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी (ह्रस्ष्ठ) राजबीर सिंह घुमन ने शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को एक कानूनी नोटिस भेजा है। इसमें उन पर सोशल मीडिया के जरिए झूठे, बेबुनियाद और मानहानि करने वाले आरोप लगाने का इल्जाम लगाया गया है। नोटिस के अनुसार, घुमन का आरोप है कि इन सोशल मीडिया पोस्ट से उनकी प्रतिष्ठा और सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचा है। नोटिस में मांग की गई है कि मजीठिया 24 घंटे के भीतर विवादित सोशल मीडिया पोस्ट को हटा दें, बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगें और लिखित आश्वासन दें कि भविष्य में वे इस तरह के आरोप नहीं लगाएंगे। इसमें यह भी चेतावनी दी गई है कि अगर तय समय के भीतर इन मांगों को पूरा नहीं किया जाता है, तो मजीठिया के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही शुरू हो सकती है और मानहानि का मुकदमा भी दर्ज किया जा सकता है। यह कानूनी नोटिस पंजाब सरकार के अधिकारी और अकाली दल के वरिष्ठ नेता के बीच चल रहे विवाद में एक नया मोड़ है। इस रिपोर्ट को लिखे जाने तक, नोटिस पर मजीठिया की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली थी।

लटकते सीसीटीवी कैमरे बयां कर रहे यातायात निगरानी की बदहाली

डेली आवाज भारती

रख-रखाव के अभाव में ज़ीरकपुर-अंबाला हाईवे और प्रमुख चौराहों पर टूटे कैमरे; हादसे की स्थिति में फुटेज मिलने पर संशय, उठ रहे सवाल



ज़ीरकपुर:तरनप्रीत सिंह गिल : शहर में यातायात व्यवस्था पर नजर रखने और नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों की पहचान करने के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे खुद बदहाली का शिकार हो रहे हैं। ज़ीरकपुर के चौक-चौराहों और हाइवे पर ट्रैफिक लाइटों के साथ लगे कई कैमरे मेंटेनेंस के अभाव में टूटकर लटक गए हैं। इनकी हालत देखकर व्यवस्था की निगरानी और रखरखाव पर सवाल उठ रहे हैं। जिन कैमरों के जरिए यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर नजर रखी जानी चाहिए, उनकी अपनी स्थिति ही ठीक नहीं है। शहर में वाहनों की बढ़ती आवाजाही के बीच ट्रैफिक लाइटों और प्रमुख चौराहों पर निगरानी व्यवस्था का दुरुस्त रहना जरूरी है। ज़ीरकपुर-अंबाला हाईवे समेत शहर के व्यस्त मार्गों पर दिनभर वाहनों का दबाव रहता है। ऐसे में सीसीटीवी कैमरे यातायात की निगरानी, नियमों के उल्लंघन पर नजर रखने और किसी घटना के बाद संबंधित वाहन की पहचान करने में मददगार हो सकते हैं। लेकिन कैमरों का टूटकर लटकना उनकी उपयोगिता पर सवाल खड़े करता है। सीसीटीवी कैमरे लगाने के बाद उनकी नियमित जांच और मरम्मत भी जरूरी होती है। कैमरों के तार, पकड़ने वाले ढांचे और अन्य हिस्सों की समय-समय पर जांच नहीं की जाए तो वे खराब होकर निगरानी व्यवस्था को प्रभावित कर सकते हैं। ज़ीरकपुर में ट्रैफिक लाइटों पर लगे कैमरों की मौजूदा हालत से यही सवाल उठ रहा है कि इन्हें लगाने के बाद इनके रखरखाव की जिम्मेदारी कितनी गंभीरता से निभाई जा रही है।

जिम्मेदारी तय कर मरम्मत कराने की जरूरत

शहर के प्रमुख चौराहों और हाइवे पर लगे कैमरों की स्थिति की जांच कर खराब उपकरणों की मरम्मत कराने की जरूरत है। संबंधित विभाग को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि इन कैमरों के रखरखाव की जिम्मेदारी किस एजेंसी के पास है और नियमित निरीक्षण कब किया जाता है। कैमरों की कार्यशीलता की जांच के साथ उनकी रिकॉर्डिंग व्यवस्था सुनिश्चित करना भी जरूरी है, ताकि यातायात निगरानी का उद्देश्य पूरा हो सके। शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए केवल ट्रैफिक लाइटें और सीसीटीवी कैमरे लगाना ही काफी नहीं है। इनका नियमित रखरखाव और समय पर मरम्मत भी जरूरी है। यदि निगरानी के लिए लगाए गए कैमरे ही टूटकर लटकते रहेंगे, तो उनकी मौजूदगी का वास्तविक लाभ नहीं मिल पाएगा।

गुरु रामदास जी के प्रकाश पर्व पर लाखों श्रद्धालु श्री दरबार साहिब में नतमस्तक



डेली आवाज भारती

अमृतसर: अमृतसर में श्री गुरु रामदास जी का 492वां प्रकाश पर्व मंगलवार को श्रद्धा से मनाया गया। देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु गोल्डन टेंपल पहुंचे। संगत ने सरोवर में स्नान कर आशीर्वाद लिया। दरबार साहिब फूलों से सजा था।एसजीपीसी ने इंतजाम किए। भारी भीड़ से लंबी कतारें लगीं। मंजी साहिब दीवान हॉल में अखंड पाठ साहिब के भोग डाले गए। प्रसिद्ध रागी-ढाडी जत्थों ने गुरबाणी कीर्तन किया। हरिमंदिर साहिब, अकाल तख्त साहिब और बाबा अटल राय साहिब में जलौ साहिब सजाए जाएंगे। इनमें सोने के दरवाजे, चांदी की कुदालें, कटोरे और सोने-हीरों से जड़े आभूषण शामिल हैं। शाम को दीपमाला और आतिशबाजी का आयोजन होगा।

जब भी कांग्रेस पंजाब में सत्ता में रही, कानून-व्यवस्था का उल्लंघन किया: हरपाल सिंह चीमा

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़ । पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 से पहले आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार में मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने दावा किया कि प्रदेश में जब भी कांग्रेस की सरकार रही, कानून व्यवस्था का उल्लंघन किया गया। चंडीगढ़ में मीडिया से बातचीत के दौरान, पंजाब विधानसभा में हुए हंगामे पर पंजाब के मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि कांग्रेस विधायक भले ही दो-तीन बार चुनाव जीत चुके हों, लेकिन आज उन्होंने विधानसभा में गुंडागर्दी की है। मुझे लगता है कि वे कानून में विश्वास नहीं रखते और उसका उल्लंघन करते हैं। उन्होंने विधानसभा के अंदर पोडियम पर हंगामा करके यह साबित भी कर दिया। पंजाब की जनता जानती है कि जब भी कांग्रेस सत्ता में रही है, उसने कानून-व्यवस्था का उल्लंघन किया है। चीमा के मुताबिक, विधानसभा में प्रवेश करने का अधिकार सभी को है और किसी के भी अधिकारों को छीना नहीं गया है। विपक्ष के चार-पांच विधायक अभी भी विधानसभा में बैठे हैं, और प्रताप सिंह बाजवा खुद विधानसभा आए, अपनी बात रखी और चले गए। हालांकि, कांग्रेस के कई नेता दलित समुदाय और अनुसूचित जातियों के खिलाफ लगातार आपत्तिजनक टिप्पणियां करते रहे हैं। इसी वजह से सुखपाल सिंह खैरा को निलंबित किया गया है। भाजपा द्वारा नशे का मुद्दा उठाए जाने पर चीमा ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा किसी मुद्दे पर बातचीत नहीं कर सकती है। वह बेवजह के मुद्दों को खड़ा करने की कोशिश कर रही है। देश को पता है कि जब इनकी अकाली के साथ गठबंधन की सरकार थी तो इन्होंने प्रदेश में चिट्टा बेचा। इनके पास कोई मुद्दा नहीं है। पंजाब की कानून व्यवस्था को लेकर उन्होंने कहा कि जो भी कानून के साथ खिलवाड़ करेगा, सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दूसरी ओर, पंजाब विधानसभा में हुए हंगामे को लेकर कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैरा ने कहा कि विधानसभा के आखिरी दिन स्पष्ट हो गया कि आम आदमी पार्टी सदन में नहीं बोलने देती है। आज जब हम यहां आए तो हमें अंदर नहीं जाने दिया गया। विधायकों के साथ धक्का-मुक्की की गई। जब हमें मीडिया से बात करनी थी तो उस जगह (पोडियम) पर भी नाजायज कब्जा कर लिया। विवाद खड़ा करने के लिए, यहां हमारे सामने महिला विधायकों को भेजा गया। मुझे सस्पेंड किया गया था, जो कि गलत है।

जेल ब्रेक की बड़ी वारदात, पुलिसकर्मियों पर हमला कर 17 कैदी भागे, 17 स्पेशल टीमें गठित

अबतक 4 फरार कैदियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि बाकी कैदियों की तलाश जारी

- सुरक्षाकर्मी जेल का दरवाजा खोल अंदर पहुंचे तो कैदियों ने अचानक उनपर हमला कर दिया
- घटना में कैदियों के फरार होने के बाद पुलिस ने आसपास के जिलों में अलर्ट जारी कर दिया है

डेली आवाज भारती



तमिलनाडु से बड़ी खबर सामने आई है, जहां थेनी जिले की एक सब-जेल में पुलिसकर्मियों पर हमला करने के बाद 17 कैदी फरार हो गए। सोमवार देर रात हुई इस घटना के बाद पुलिस ने बड़े स्तर पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया। अब तक 4 फरार कैदियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि बाकी 13 कैदियों की तलाश जारी है। उन्हें पकड़ने के लिए 17 विशेष पुलिस टीमें बनाई गई हैं। रात के समय जेल कर्मचारियों को सूचना मिली कि एक कैदी की तबीयत खराब हो गई है। जब कर्मचारी और सुरक्षाकर्मी जेल का दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचे, तो कैदियों ने अचानक उन पर हमला कर दिया और मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। इस घटना में तीन पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। इनमें ग्रेड-द्वितीय पुलिसकर्मी थंगापांडी भी शामिल हैं, जिनके सिर में चोट आई है। उन्हें जी. विलाक्कु सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, दो अन्य जेल कर्मचारियों को मामूली चोटें आई हैं। कैदियों के फरार होने के बाद पुलिस ने आसपास के जिलों में अलर्ट जारी कर दिया है। पड़ोसी डिंडीगुल जिले में 16 स्थानों पर चेकपोस्ट बनाए गए हैं, जहां से गुजरने वाले वाहनों की तलाशी ली जा रही है। पुलिस ने मदुरै, डिंडीगुल और केरल के इडुक्की जिले के अधिकारियों को भी सूचना दी है।

1995 की घटना की आई याद

तमिलनाडु में कैदियों के फरार होने की इस घटना की तुलना 1995 की एक बड़ी घटना से की जा रही है। उस समय वेल्लोर किले के अंदर बने विशेष हिरासत शिविर से लिट्टे (LTTE) संगठन के 43 संदिग्ध सुरंग बनाकर फरार हो गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, उस सुरंग की लंबाई करीब 153 फीट थी। फिलहाल, पुलिस की कई टीमें फरार कैदियों की तलाश में जुटी हैं। फरार कैदियों की तस्वीरें सभी संबंधित पुलिस थानों में साझा की गई हैं। अधिकारियों का कहना है कि सभी आरोपियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है।

CMYK